आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंममम !!

वर्ष-11 । अंक 79 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक
# आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, रविवार, 23 मार्च, 2025

## आईपीएल 2025 : कोलकाता के ईडेन गार्डेंस उद्घाटन समारोह में श्रेया घोषाल, दिशा पाटनी और करण औजला की प्रस्तुति से रंगारंग आगाज

# 'झूमे जो पठान' पर शाहरुख के साथ नाचे कोहली, रिंकू

**एजेंसी ● कोलकाता**

आईपीएल 2025 के रंगारंग आगाज शनिवार को कोलकाता के ईडेन गार्डेंस पर हो गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल, अभिनेत्री दिशा पाटनी और पंजाबी सिंगर करण औजला ने अपनी प्रस्तुति से जलवा बिखेरा। हालांकि, बॉलीवुड के किंग खान और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिका शाहरुख खान ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ डांस कर मजा बांध दिया।

### श्रेया ने दर्शकों किया मंत्रमुग्ध

आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह की शुरुआत शाहरुख खान के साथ हुई जिन्होंने मंच पर संबोधन दिया। समारोह के लिए ईडेन गार्डेंस स्टेडियम खचाखच भरा रहा। समारोह में सबसे पहले बॉलीवुड की गायिका श्रेया घोषाल ने प्रस्तुति पेश की। श्रेया ने मेरे ढोलना... गाने से शुरुआत की और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।






### 'हुस्न तेरा तौबा-तौबा' पर दिशा और करण की शानदार प्रस्तुति

श्रेया की प्रस्तुति के बाद मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी आईं। उन्होंने अपने डांस मूव्स से दर्शकों का मन मोह लिया। दिशा पाटनी की प्रस्तुति समाप्त होने के बाद मंच पर पंजाबी गायक करण औजला आए। करण ने जैसे ही 'हुस्न तेरा तौबा-तौबा' गाया दर्शक झूम उठे। करण के साथ मंच पर दिशा पाटनी भी मौजूद रहीं और उनकी धुन पर थिरकती नजर आईं।

### शाहरुख के साथ मंच पर नजर आए रिंकू-कोहली



आईपीएल 2025 के उद्घाटन समारोह में रंगारंग प्रस्तुति समाप्त होने के बाद फिर शाहरुख खान ने दर्शकों को संबोधित किया। शाहरुख ने कहा, 'केमोन आचो (कैसे हो) कोलकाता। आज आईपीएल के 18 साल पूरे हो गए हैं और इस लीग ने अबतक इतने सितारों को जन्म दिया जो अब पिता बन गए हैं।' शाहरुख ने मंच पर आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को बुलाया। शाहरुख ने रिंकू से उनके गाने पर डांस करने की मांग की। रिंकू और शाहरुख ने 'लुट-पुट गया' गाने पर डांस किया और इस दौरान कोहली भी बगल में खड़े रहे। किंग खान यहीं नहीं रुके और उन्होंने कोहली से भी डांस करने कहा। शाहरुख के साथ 'झूमे जो पठान' गाने पर विराट कोहली थिरके। शाहरुख ने कोहली से डांस की अपील की और दोनों ने पठान फिल्म के गाने पर डांस कर दर्शकों का मन मोह लिया।

**बीसीसीआई पदाधिकारियों ने काटा केक :** शाहरुख ने इसके बाद मंच पर बीसीसीआई के पदाधिकारियों और प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को रोजर बिन्नी ने इस दौरान विराट कोहली को आईपीएल के 18 सीजन पूरे होने पर एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया। 18वें सीजन के मौके पर केक काटा गया और आतिशबाजी के साथ आईपीएल 2025 की शुरुआत की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### सुशांत राजपूत की मौत से जुड़े दो मामले बंद किए

**मुंबई** । बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े दो मामलों में सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) ने अपनी जांच खत्म कर दी है। जांच एजेंसी ने मुंबई की अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, जिसमें कहा गया कि सुशांत की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या आपराधिक साजिश के कोई सबूत नहीं मिले। सालों की जांच के बाद, सीबीआई ने निष्कर्ष निकाला कि सुशांत की मौत में किसी भी तरह का अपराध साबित नहीं हो सका। अब दोनों मामलों को बंद करने की सिफारिश की गई है। इस रिपोर्ट के बाद यह मामला कानूनी रूप से खत्म हो जाएगा।

### बाबा अमरनाथ धाम तक रोप-वे लगाने की योजना



**जम्मू** । जम्मू-कश्मीर सरकार बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए अमरनाथ धाम तक रोपवे लगाने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बताया कि बालटाल से अमरनाथ के पवित्र गुफा मंदिर तक 11.60 किलोमीटर का रोपवे बनाया जाएगा। इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इसके अलावा, अन्य स्थानों पर भी रोपवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जैसे शंकराचार्य मंदिर, भद्रवाह से सियोझदार, और सोनमर्ग-थाजीवास ग्लेशियर।

### एक अप्रैल से प्याज पर एक्सपोर्ट ड्यूटी समाप्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जनहित में प्याज पर एक्सपोर्ट ड्यूटी खत्म करने का फैसला किया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBITC) द्वारा शनिवार को जारी सर्कुलर के मुताबिक, 1 अप्रैल से प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क समाप्त करने का फैसला किया है। देश में प्याज की कीमतों में भारी तेजी को देखते हुए दिसंबर 2023 में इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद मई 2024 में न्यूनतम 550 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य की सीमा और 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क के साथ विदेशों में प्याज बेचने की अनुमति दी गई थी।

## सपा सांसद रामजी लाल सुमन के बिगड़े बोल, कहा-

# हिंदू गद्दार राणा सांगा की औलाद

### आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों की गुलामी की, भाजपा बोली- ये सपा के संस्कार

**एजेंसी ● लखनऊ**

**टिप्पणी**

सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा- भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है तो फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था।

मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। बाबर की आलोचना करते हैं, राणा सांगा की नहीं। देश की आजादी की लड़ाई में इन्होंने अंग्रेजों की गुलामी की थी। हिंदुस्तान का मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है। वो मोहम्मद साहब और सूफी परंपरा को आदर्श मानता है। रामजी लाल ने ये बातें शुक्रवार को राज्यसभा में कहीं।

सपा सांसद के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। X पर लिखा- सपा के नेता अपने संस्कारों के अनुरूप तुष्टिकरण की सियासत में इस कदर डूब चुके हैं। वो विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने के लिए भारतीय महापुरुषों को अपमानित करने में जरा सा भी परहेज नहीं करते हैं। सपा सांसद की टिप्पणी बेहद शर्मनाक है। उन्हें अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।



### सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही

हमारे देश में जानबूझकर सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। अभी होली का त्योहार था। हमने कहीं नहीं पढ़ा कि मुसलमान ने यह कहा हो कि हम सद्भावना बिगाड़ने चाहते हैं या होली के त्योहार में व्यवधान पैदा करना चाहते हैं। इसके बावजूद भी तमाम ऐसे बयान आए, जिससे समाज में दरार पैदा हुई। एक बिहार और एक उत्तर प्रदेश के विधायक हैं। इन लोगों ने कहा कि होली पर मुसलमान अपने घरों में कैद हो जाएं। यूपी के एक मंत्री ने कहा कि जिन्हें रंगों से दिक्कत है, वो हिंदुस्तान छोड़ दें।

### संजीव बालियान बोले- धिक्कार है

सपा सांसद के बयान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने x पर लिखा- धिक्कार है। रामजी लाल सुमन ने तुष्टिकरण की सभी हदें पार कर दीं। उन्होंने संसद में महान वीर राणा सांगा" को गद्दार कहा। यह राजपूत समाज और समस्त हिंदू समाज का घोर अपमान है। सपा को ऐसे शर्मनाक कृत्य के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

### देश में कानून का राज है या जंगलराज?

अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में पहले होली की अनुमति नहीं मिली थी, हालांकि बाद में मिल गई। इस दौरान एक जनप्रतिनिधि ने कहा था कि जो होली का विरोध करेगा, उसे ऊपर पहुंचा दूंगा। लेकिन बीजेपी का कोई बड़ा नेता इसका विरोध नहीं करता है। इसका मतलब यह है कि इस प्रकार के बयान को सरकारी संरक्षण प्राप्त है, या इनको ये भाषा अच्छी लगती है। ऐसी भाषा किसी भी देश की सेहत के लिए ठीक नहीं है। देश में कानून का राज है या जंगलराज?

### नागपुर हिंसा में घायल एक शख्स की मौत

**मुंबई।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रदर्शन के बाद 17 मार्च को नागपुर में हिंसा हुई थी। घटना के पांचवें दिन शनिवार को CM देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा-हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति बेचकर वसूली जाएगी। जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा- पीड़ितों को जल्द ही नुकसान की भरपाई की जाएगी। जिन्होंने पुलिस पर हमला किया, उनके खिलाफ कठोर से कठोर धाराएं लगाई जाएंगी। लेडी कॉन्स्टेबल के साथ छेड़छाड़ की खबर सच नहीं है। उन पर पत्थर जरूर फेंके गए थे। फडणवीस ने बताया कि यह कहना जल्दबाजी होगी कि हिंसा में कोई विदेशी या बांग्लादेशी एंगल था। हालांकि इसकी जांच की जा रही है।

### स्टालिन की अगुवाई में हुई JAC की बैठक

**चेन्नई।** यहां द्रविड़ मुनेत्र कषघम (DMK) की अगुवाई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा आयोजित बैठक के दौरान जाइंट एक्शन कमेटी ने परिसीमन के मुद्दे पर एक 7 सूत्रीय प्रस्ताव पारित किया है। कमेटी ने इस बात पर चिंता जताई कि आसन्न परिसीमन की प्रक्रिया में पारदर्शिता और स्पष्टता की कमी है और इसमें शामिल होने वाले शेयरहोल्डर्स यानी राज्यों के साथ विचार-विमर्श नहीं किया गया। जेएसी ने यह प्रस्ताव दिया कि लोकतंत्र को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जाने वाले किसी भी परिसीमन की प्रक्रिया को ट्रांसपेरेंट तरीके से किया जाए।

## जस्टिस यशवंत वर्मा मामला

# सार्वजनिक होगा सारा रिकॉर्ड, जांच पूरी होने तक न्यायिक काम पर रोक

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

**रिपोर्ट**

दिल्ली हाई कोर्ट के वरिष्ठ जज यशवंत वर्मा के सरकारी बंगले से कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले की जांच कर रहे दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने अपनी रिपोर्ट भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना को सौंप दी है। सीजेआई इस जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

जस्टिस यशवंत वर्मा नकद बरामदगी मामले में सीजेआई संजीव खन्ना ने बड़ा कदम उठाया है। अब इस मामले से जुड़ी दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट, जस्टिस यशवंत वर्मा का जवाब और अन्य दस्तावेज सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं। जांच पूरी होने तक जस्टिस वर्मा कोई न्यायिक कामकाज नहीं कर पाएंगे। न्यायपालिका का पक्ष सबके सामने रखने के लिए सीजेआई संजीव खन्ना ने सारा रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में पहली बार सब रिकॉर्ड पब्लिक होगा।

सीजेआई संजीव खन्ना ने आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। इसमें पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की



न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल हैं। साथ ही दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को फिलहाल जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपने के लिए भी कहा गया है।

दरअसल, 14 मार्च को होली वाली रात जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित सरकारी आवास में आग लगने की घटना हुई। जस्टिस वर्मा तब दिल्ली से बाहर थे। दिल्ली फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझाने के बाद मीडिया में खबरें आईं कि जस्टिस वर्मा के बंगले में भारी मात्रा में कैश देखा गया। इसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को इस मामले की जांच सौंपी गई। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर ही जस्टिस वर्मा के तबादले पर फैसला लिया जाना है। हालांकि, दिल्ली फायर ब्रिगेड चीफ अतुल गर्ग ने दावा किया कि जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर आग बुझाने के दौरान फायर फाइटर्स को कोई नकदी नहीं मिली।

**जज ने नहीं किया खंडन-** जस्टिस यशवंत वर्मा शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट नहीं पहुंचे और ना ही उनकी तरफ से अपने ऊपर लग रहे आरोपों को लेकर कोई खंडन आया। जस्टिस वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट में वर्तमान में बिक्री कर, जीएसटी, कंपनी अपील जैसे महत्वपूर्ण केसों की सुनवाई करने वाली बेंच की अध्यक्षता कर रहे हैं।

## मणिपुर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट के 6 जजों का डेलिगेशन

# विस्थापितों से मुलाकात कर लिया हालात का जायजा

**एजेंसी ● इंफाल**

जस्टिस बी.आर. गवई के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के जजों का 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में मौजूदा हालातों का जायजा लेने राज्य के दौरे पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर शामिल हैं। सभी जज इंफाल से हेलीकॉप्टर के जरिए चुराचांदपुर गए। मणिपुर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी. कृष्णकुमार और जस्टिस गोलमेई गैफुलशिलू ने सुप्रीम कोर्ट के जजों का इंफाल में स्वागत किया।

सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिनिधिमंडल ने 27 असम राइफल्स के कैंप में ब्रेकफास्ट किया और यहां से चुराचांदपुर के राहत शिविर के लिए रवाना हुए। प्रतिनिधिमंडल ने जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों से मुलाकात की और मौजूदा हालातों का जायजा लिया। इस प्रतिनिधिमंडल में मणिपुर के न्यायमूर्ति एन



कोटिश्वर सिंह भी शामिल हैं। वह इंफाल में ही रहे और अन्य न्यायाधीशों के साथ चुराचांदपुर नहीं गए। चुराचांदपुर कुकी समुदाय की बहुलता वाला जिला है और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह मैतेई समुदाय से आते हैं। मणिपुर में इन्हीं दो समुदायों के बीच विगत दो वर्षों से जातीय हिंसा छिड़ी हुई है, जिसकी वजह से राज्य में अशांति का माहौल है।

न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह के दौरे से पहले चुराचांदपुर बार एसोसिएशन ने एक बयान जारी कर कहा था कि, 'शांति और सार्वजनिक व्यवस्था के हित में, मैतेई समुदाय के जज हमारे जिले में कदम नहीं रखेंगे, भले ही उनका नाम सुप्रीम कोर्ट के 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल हो। इसी कारण से मणिपुर हाई कोर्ट के दो न्यायाधीश, जस्टिस डी. कृष्णकुमार और जस्टिस गोलमेई गैफुलशिलू, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के साथ चुराचांदपुर नहीं गए, क्योंकि वे भी मैतेई समुदाय से आते हैं।

मैतेई समुदाय से ताल्लुक रखने वाले मणिपुर हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश एन. कोटिस्वर सिंह ने कुकी समुदाय की बहुलता वाला जिला चुराचांदपुर कादौरा ना करने को लेकर कहा है कि शांति बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है। यही सबका उद्देश्य भी होना चाहिए।

### "नवोन्मेष 2025" और "शोध शिखर - विज्ञान पर्व 2025" का होगा भव्य आयोजन

# उद्यमिता, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने SGSU और RNTU द्वारा

**संवाददाता ● भोपाल**



**आयोजन**

उद्यमिता, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज द्वारा इनोवेशन कार्निवाल "नवोन्मेष 2025" और अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी "शोध शिखर – विज्ञान पर्व 2025" के चौथे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत एआईसी आरएनटीयू द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के सहयोग से एसजीएसयू परिसर में 25 एवं 26 मार्च को "नवोन्मेष 2025" और रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (आरएनटीयू) द्वारा आरएनटीयू परिसर में 28 मार्च एवं 29 मार्च से "शोध शिखर – विज्ञान पर्व 2025" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर से छात्र, प्राध्यापक, स्टार्टअप, इंडस्ट्री लीडर्स, एंटरप्रेन्योर्स, शोधार्थी, इंवेस्टर्स, नीति निर्माता एवं बुद्धिजीवी शामिल होंगे। इसके संबंध में अधिक जानकारी शनिवार को स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आरएनटीयू की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, अटल इंक्यूबेशन सेंटर-रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (एआईसी-आरएनटीयू) के निदेशक श्री नितिन वत्स, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलगुरू प्रो. (डॉ.) विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा और रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने साझा की।

एआईसी-आरएनटीयू के निदेशक श्री नितिन वत्स ने बताया कि एआईसी-आरएनटीयू द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के सहयोग से फ्लैगशिप प्रोग्राम "नवोन्मेष 2025" का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उद्यमिता, नवाचार, तकनीकी एवं शोध को बढ़ावा देना है। इसके तहत स्कूल से लेकर महाविद्यालय स्तर के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्रों के पास 5 लाख रुपए तक के पुरस्कार जीतने का अवसर होगा। कार्यक्रम में देश के उद्योग जगत के कई प्रतिष्ठित नाम भी शामिल होंगे जिसमें शार्क टैंक इंडिया के जज और बोट कंपनी के को-फाउंडर अमन गुप्ता और स्विगी के सीईओ रोहित कपूर महत्वपूर्ण सत्रों में शामिल होंगे और युवाओं से संवाद करेंगे। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन कौशल मंत्री मप्र शासन श्री गौतम टेटवाल और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री श्री चेतन्य कश्यप द्वारा किया जाएगा। वहीं समापन सत्र के मुख्य अतिथियों में उच्च शिक्षा मंत्री मप्र शासन श्री इंदर सिंह परमार होंगे। उनके साथ मप्र निजी विश्वविद्यालय आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरत भूषण मौजूद रहेंगे।

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलगुरू प्रो. (डॉ.) विजय सिंह ने कहा कि नवोन्मेष 2025 न केवल विचारों का उत्सव है, बल्कि स्टार्टअप और रचनात्मक लोगों के लिए एक प्लेटफॉर्म भी है। इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएँ शामिल हैं, जो प्रतिभागियों को अपने व्यावसायिक विचारों को प्रस्तुत करने, अपनी तकनीकी क्षमता दिखाने और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए समाधान विकसित करने का मौका देती हैं। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 6 से 12 के स्कूली छात्रों के लिए "यंग इंवेंटर्स फेयर", यूजी-पीजी छात्रों के लिए "इनोमेकर- प्रोडक्ट शोकेस", "प्लान एक्स – बिजनेस प्लान बैटल", "बाइनरी बैटल – सॉफ्टवेयर हैकाथान", रचनात्मक विज्ञापन प्रतियोगिता "एड मैड शो", "रोबो फाइट एवं रोबो रेस", "स्टार्टअप पिचिंग प्रतियोगिता – फर्स्ट चेक" और "वायरल वर्स" शामिल होंगी।

वहीं शोध शिखर के बारे में बात करते हुए आरएनटीयू की प्रो. चांसलर की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा कि उच्च शिक्षा और शोध किसी भी राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि की आधारशिला होते हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान अनुसंधान को प्रोत्साहित करे। इसी कड़ी में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान को बढ़ावा देने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025" के चौथे संस्करण का आयोजन 28-29 मार्च 2025 को किया जा रहा है। यह आयोजन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को अपने अनुसंधान प्रस्तुत करने के साथ नवाचार, विज्ञान संचार और सतत विकास पर केंद्रित विचारों के आदान प्रदान को भी प्रोत्साहित करेगा। साथ ही इसमें इंडस्ट्री एकेडमिक कॉलेब्रेशन को प्रोत्साहित करने के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे। आगे उन्होंने बताया कि उद्घाटन सत्र के प्रमुख अतिथियों में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोरंजन मोहंती, नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट नई दिल्ली की महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर, सीएसआईआर-निस्पर नई दिल्ली की निदेशक डॉ. रंजन अग्रवाल, एनआईएफ अहमदाबाद के डायरेक्टर डॉ. अरविंद रानाडे, डिपार्टमेंट ऑफ पी.सी.पी.एम – समंवयक एवं प्रबंधक, डीएसटी, नई दिल्ली डॉ. नम्रता पाठक और एनआरडीसी के डीजीएम डॉ. अमिताभ मिश्रा शामिल होंगे।

आगे उन्होंने "शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025" के विषयों की जानकारी देते हुए कहा कि इसमें इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी; मॉडर्न साइंस, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड फूड सिक्योरिटी; ह्यूमेनिटीज एवं लिबरल आर्ट्स, एजुकेशन; कॉमर्स, मैनेजमेंट एंड लॉ; इंडस्ट्री एकेडमिक कॉलेब्रेशन फॉर कॉमर्शियलाइजेशन; और हॉलिस्टिक मेडिकल साइंस विषयों में प्रतिभागिता की जा सकती है।

## शॉट न्यूज

### कहासुनी में सिख युवक को पगड़ी निकालकर मारे पत्थर

**इंदौर।** मामूली कहासुनी में युवकों ने सिख युवक (कारखाना संचालक) पर हमला कर दिया।आरोपियों ने उसकी पगड़ी निकालकर पत्थर से सिर में हमला किया। पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।दूसरे पक्ष ने भी कारखाना संचालक व उसके भाई पर मारपीट का आरोप लगाया है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना धार रोड़ (बिजासन टेकरी के सामने) की है। लीड्स एन्क्लेव (छोटा बांगड़दा) निवासी गुरुशरण सिंह मल्होत्रा ने आरोपी हिमांशू तिवारी निवासी पल्हर नगर, आदर्श और सोहन के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। गुरुशरण ने पुलिस को बताया कि उसकी नावदापंथ में आयरन ड्रम शीट की फैक्ट्री है। गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे भाई तेजिंदर सिंह के साथ लौट रहा था। बिजासन मंदिर के सामने आरोपियों ने गाली का आरोप लगाकर विवाद किया।

### पश्चिमी रिंग रोड के निर्माण से प्रभावित गांवों की गाइडलाइन बढ़ाने की मांग

**इंदौर।** इंदौर किसान संघ ने कलेक्टर आशीष सिंह से मुलाकात की और पश्चिमी रिंग रोड के मुआवजे को लेकर अपनी बात रखी अनिल व्यास, भारती किसान संघ कार्यकारणी के सदस्य, ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर से चर्चा की और अपनी मांगें रखीं, उन्होंने कहा कि पश्चिमी रिंग रोड के निर्माण से प्रभावित गांवों की गाइडलाइन बढ़ाने की मांग की गई है जिसमें अक्रिय, बरलाई, सांवेर, ब्राह्मण पिपलिया, धर्मपुरी, फालूदा, और मंगलिया जैसे गांव शामिल हैं अनिल व्यास ने बताया कि इन गांवों की गाइडलाइन पहले से ही काम कर रही है, लेकिन अब इसमें इंक्रीमेंट हुआ है, जो 5 लाख रुपये से लेकर 60 लाख रुपये प्रति हेक्टर तक है इंदौर किसान संघ अध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाटिल ने बताया कि कलेक्टर सिंह ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस मामले पर चर्चा की ।

### व्यापारी से 28 लाख की ठगी

**इंदौर।** एक व्यापारी के साथ 28 लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों पर केस दर्ज किया है। संगम नगर में रहने वाले अजय पिता राधाकिशन शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने सत्या पाणीग्राही और निलेश डाबरे के खिलाफ केस दर्ज किया है। अजय ने पुलिस को बताया कि मेसर्स सिल्वेलाइन पावर स्टेशन प्रा.लि. पालगर और डिस्ट्रिक्ट सेंटर भुवनेश्वर से इलेक्ट्रिक गाड़ियों का व्यापार करने का एग्रीमेंट 2023 में किया था। कंपनी को 28 लाख 48 हजार से ज्यादा की राशि दी थी, कंपनी से किए एग्रीमेंट के मुताबिक मुझे इलेक्ट्रिक गाड़ियां दी जाना थी, लेकिन उन्होंने डिफेक्टिव पीस दे दिए। इसके बाद कंपनी को नोटिस दिया, तो उन्होंने इलेक्ट्रिक गाड़ियां बदलने का कहा। उन्होंने कहा कि उनके पास नया स्टाक आया है। हम पुरानी 19 गाड़ियां लेकर नया ऑर्डर बना देते है।

# प्रथम श्री ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट

### एनसीसीसी ने रेलवे गर्वित को 45 रन से हराया



**संवाददाता ● इंदौर**

सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान मे प्रथम श्री ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट मे आज का मैच रेलवे गर्वित और एनसीसीसी के बीच खेला गया जिसमें एनसीसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एनसीसीसी की टीम 46 ओवर मे 176 रन बनाकर ऑलआउट हो गई जिसमे अंश दांगी ने 37 रन, एकांश यादव ने 36 रन और सोम दुबे ने 32 रन का योगदान दिया। रेलवे गर्वित की तरफ से गेन्दबाज़ी करते हुए हर्षित दांगी ने 34 रन देकर 5 विकेट लिए।जवाबी पारी खेलने उतरी रेलवे गवर्नमेंट की टीम 43.3 ओवर में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें मोहित ने 26 रन, प्रखर ने 32 रन और अयान ने 20 रन बनाए। एनसीसीसी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अभिजोत सिंह ने 28 रन देकर दो विकेट, जयवीर जाट ने 30 रन देकर दो विकेट, कृष्णा ने 16 रन देकर दो विकेट और सोम दुबे ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। सोम दुबे को दोहरे प्रदर्शन के लिए और हर्षित दांगी को शानदार गेंदबाजी के लिए संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच दिया गया।उन्हें अशफाक अहमद कुरेशी डायरेक्टर सुपर बिल्डर्स एंड डेवलपर्स और स्पोर्ट्स प्रमोटर और वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र व्यास ने पुरस्कृत किया, इस अवसर पर एनसीसीसी के कोच भुवन शुक्ला, अर्जुन यादव, आशीष मिश्रा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## कायस्थ समाज ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद से भेट कर सम्मान किया

**संवाददाता ● इंदौर**

कायस्थ समाज इंदौर द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद श्री रविशंकर प्रसाद के इंदौर आगमन पर सौजन्य मुलाकात की । इस अवसर पर समाज जनों ने उनका शाल श्रीफल से स्वागत किया और संस्था द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा भी दिया। प्रसाद जी ने समाज द्वारा निर्मित श्री चित्रगुप्त चौराहे पर विश्व की सबसी बड़ी कलम दवात के निर्माण, वार्षिक पत्रिका शुभ घड़ी व अन्य कार्यों को भूरी भूरी प्रशंसा कर सभी पदाधिकारीयो के उत्कृष्ट कार्यो से समाज को ऊंचाई प्रदान करने की बधाई दी । इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी वीना सक्सेना, रत्नेश श्रीवास्तव , विजय सक्सेना, संजय निर्गुण, प्रदीप भटनागर, विवेक भटनागर, सत्या श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, विवेक सिन्हा आदि सदस्य उपस्थित थे।

### मुंहबोले भाई ने किया अंतिम संस्कार

# दोस्त की गोली की शिकार हुई भावना शादीशुदा थी, पति ने छोड़ दिया था

**संवाददाता ● इंदौर**

**शिकार**

महालक्ष्मी नगर में दोस्त की गोली का शिकार हुई भावना सिंह की हत्या के आरोपी कार छोड़कर बाइक से भागे है। उनकी तलाश में पुलिस टीम अलग-अलग जगह रवाना हुई है। उधर उसके परिवार में कोई नहीं है। हत्या की खबर मिलने के बाद ग्वालियर से उसका एक मुंहबोला भाई पंकज ठाकुर इंदौर आया है। उसने ही भावना का इंदौर में अंतिम संस्कार किया। भावना के बारे में पुलिस को पता चला कि दस साल पहले उनके माता-पिता का निधन हो चुका है।

ग्वालियर निवासी भावना सिंह की आंख में गोली लगने के कारण मौत हो गई। घायल अवस्था में भावना को उसके दोस्त बांबे अस्पताल लाए थे और फिर उसे छोड़कर भाग गए। पंकज ने बताया वह अपनी दादी के पास रहती थी। बाद में उसकी ग्वालियर में ही शादी हो गई थी, लेकिन पति से उसकी अक्सर अनबन होती थी, इसलिए पति ने उसे छोड़ दिया था। कुछ समय तक भावना ने ग्वालियर में क्लाउड किचन चलाया और ब्यूटीपार्लर का कोर्स करने इंदौर आगई थी।यहां आने के बाददतिया निवासी आशु यादव से उसकी मित्रता हो गई थी। आशु ही उसे महालक्ष्मी नगर के मकान में हुई पार्टी में ले गया था। पंकज ने बताया कि सीसीटीवी में जो लोग उसे अस्पताल लेकर आए हैं, वह उन्हें नहीं जानते। उनके नाम आशू यादव और स्वास्ति नाम बता रहे हैं। स्वास्ति, भावना की दोस्त थी। उसका नाम आ रहा है कि स्वास्ति ने उसे बुलाया है। इसकी जानकारी पूरी नहीं है। पंकज ने बताया कि वह एक स्वयंसेवी संगठन से जुड़ा है। भावना वहीं उससे मिली थी औरभावना ने उसे राखी बांधी थी। पंकज ने कहा कि भावना अनाथ है, इसलिए पुलिस की जांच धीमी है। अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।



**हत्या का केस दर्ज**

डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि इस मामले में 302 (हत्या) का केस दर्ज कर लिया गया है। दो आरोपी आशू और मुकुल यादव है। उनकी महिला साथी की भी तलाश की जा रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें रवाना हो चुकी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पता चला है कि आरोपी कार निपानिया क्षेत्र में छोड़कर बाइक से रवाना हुए है। उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है। आखिरी बार लोकेशन उनकी रिंग रोड पर मिली थी। उनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम ग्वालियर रवाना हुई है। घटना स्थल से एक खाली राउंड मिला है। साथ ही वहां से एक देसी पिस्टल और 10-12 राउंड भी बरामद हुए हैं।

# नाबालिग ने धमकाया- अगर आज शादी नहीं हुई तो जान दे दूंगी

**संवाददाता ● इंदौर**

**धमकाया**

सांवेर के बूढ़ी बरलई गांव में एक नाबालिग के विवाह की सूचना मिलने पर बाल विवाह उड़नदस्ता मौके पर पहुंचा, लेकिन वहां पूरा परिवार इस विवाह को रोकने के विरोध में खड़ा हो गया। पिता द्वारा किए गए खर्च और विवाह की तैयारियों को देखते हुए नाबालिग स्वयं आगे आई और विवाह न होने पर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। रोते हुए उसने कहा कि अगर आज उसकी शादी नहीं हुई तो वह अपनी जान दे देगी। बाल विवाह उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक, पुलिस निरीक्षक सुमन तिवारी, सीमा तिवारी, कोर ग्रुप सदस्य शैलेष शर्मा, मोनिका बघाय, सुकन्या पाटीदार और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी टीम वहां पहुंची, लेकिन जब परिवार नहीं माना तो तहसीलदार पूनम तोमर को भी मौके पर पहुंचना पड़ा। उन्होंने परिवार को समझाया कि बाल विवाह कराने पर दो साल की जेल और एक लाख रुपए का दंड हो सकता है। अंततः प्रशासन की समझाइश के बाद विवाह को रोका गया, लेकिन परिवार सगाई कराने पर अड़ा रहा।



**पिता द्वारा जबरन विवाह, बालिका ने की शिकायत**– इसके विपरीत, पालदा में रहने वाली एक नाबालिग का विवाह उसके पिता द्वारा जबरन एक सप्ताह पहले करवा दिया गया था। लड़की इस विवाह से खुश नहीं थी और उसने इसका विरोध करने का साहस दिखाया। विवाह की जबरदस्ती के खिलाफ उसने पुलिस थाना भंवरकुआं में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने उसकी शिकायत को गंभीरता से लेने के बजाय उसे वहां से भगा दिया और उसकी फरियाद नहीं सुनी।

**कलेक्टर के हस्तक्षेप से हुई जांच के निर्देश**

पुलिस की अनदेखी के बावजूद बालिका ने हार नहीं मानी और कलेक्टर के पास जाकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। इस मामले में प्रशासन की तत्परता के बाद ही नाबालिग को न्याय मिलने की उम्मीद जगी। यह घटना बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने और जागरुकता बढ़ाने की जरुरत को दर्शाती है।

### 13 भुक्तभोगियों ने दर्ज करवाया केस

# रातभर गाड़ियों में तोड़फोड़ नशेड़ियों ने मचाया तांडव

**संवाददाता ● इंदौर**

**वारदात**





रात के अंधेरे में नशे में धुत सिरफिरे उपद्रवियों ने शहर में आतंक मचा दिया। राज नगर, कालानी नगर और टेकचंद धर्मशाला के पास खड़े कई वाहनों को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। इन सिरफिरों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को निशाना बनाया और पत्थर-डंडों से उनकी तोड़फोड़ की। घटना का पता सुबह चला, जब स्थानीय रहवासी सोकर उठे और अपने घरों के बाहर आकर देखा। इसके बाद सभी पीड़ित वाहन मालिक शिकायत दर्ज कराने चंदन नगर थाने पहुंचे। चंदन नगर थाना क्षेत्र में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। अब तक करीब 13 वाहन मालिकों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ये सभी वाहन मालिक राज नगर से लेकर कालानी नगर के रहने वाले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, उपद्रवियों का एक समूह दोपहिया वाहनों पर सवार होकर आया और नशे की हालत में उन्होंने खड़े वाहनों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। किसी भी वाहन को देखकर वे गुस्से में पत्थर और डंडे लेकर टूट पड़ते थे। रहवासियों का कहना है कि यह घटना संभवतः आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई होगी। इस उम्मीद में पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कही है। चश्मदीदों के अनुसार, ये सिरफिरे नशे में इतने चूर थे कि उन्होंने एक के बाद एक कई वाहनों को निशाना बनाया और उन्हें बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। इस तोड़फोड़ से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है, क्योंकि कोई नहीं जानता कि अगली बार ये सिरफिरे किसे निशाना बनाएंगे। पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं यह पहली बार नहीं है जब शहर में इस तरह की घटना घटी हो।

**हॉस्पिटल अटेंडर को घर बुलाकर सुपरवाइजर ने किया खोटा काम**

इंदौर। कनाडिया इलाके के निजी अस्पताल में अटेंडर महिला के साथ सुपरवाइजर ने अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने घर में बुलाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने एक विवाहित महिला की रिपोर्ट पर आरोपी अजय देवड़ा निवासी ग्राम कनाडिया के खिलाफ रेप का प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह निजी अस्पताल में अटेंडर का काम करती है। इसी अस्पताल में आरोपी अजय सुपरवाइजर है। अजय ने पीड़िता को झांसा दिया कि उसका प्रमोशन करवाकर वेतन भी बढ़वा देगा। इस दौरान कई बार मोबाइल पर कॉल भी करता था। पीड़िता के मुताबिक 5 अक्टूबर 2024 को अजय ने कॉल किया और लोकेशन पूछी। उसने कहा कि मेरा भाई विजय तुम्हें लेने आ रहा है। अस्पताल से छूटने के बाद जब पीड़िता घर की ओर निकली तो विजय बाहर बाइक पर मिला। इसके बाद वह बाइक पर अटेंडर को अपने साथ लेकर अजय के पास उसके घर पहुंचा। जब विजय चला गया तो अजय ने कहा कि तुम छोटी नौकरी क्यों करती हो। एक बड़े अस्पताल में जान-पहचान है। तुम्हें वहीं पर बड़ी नौकरी लगवा दूंगा। वेतन भी अच्छा मिलेगा। इसके बाद उसने जबरदस्ती दुष्कर्म किया और धमकाया कि किसी को यह बात बताई तो जान से मार दूंगा। पीड़िता के मुताबिक आरोपी की हरकतों से परेशान होकर उसने नौकरी छोड़ दी। पति ने पूछताछ की तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

## जो असंभव को संभव कर दे, वही सच्चा बिहारी : मुख्यमंत्री

# बिहार में अपने परिवार को थोड़ा टाइट करिए : रविशंकर प्रसाद

**संवाददाता ● इंदौर**

जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर बिहार दिवस के उपलक्ष्य में वृहद बिहारी समाज का स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम समस्त अतिथियों ने दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवाचार करते हुए निर्णय लिया है कि अब हर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। आज हमने मप्र में बिहार दिवस मनाया है। रविशंकर प्रसाद ने उपस्थित बिहार समाजजनों से बिहारी बोली में कहा कि "जहां रहा वहां का विकास करा।" बोले- मप्र का विकास करो और बिहार को भी याद रखो। चारा घोटाले में लालू को जेल भिजवाने वाला वकील भी मैं ही हूं। एक तरफ लालूजी गरीबी की बात करके आगे बढ़े। उन्होंने क्या-क्या किया, आप सबको मालूम ही है। जेल गए तो पत्नी मुख्यमंत्री, फिर बेटा उपमुख्यमंत्री।

**कार्यक्रम**




### छठ पूजा के लिए घाट बना दें : विजयवर्गीय

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बिहार दिवस के उपलक्ष्य में बिहार के मिट्टी से जुड़े रविशंकर प्रसादजी को बुलाया है। मैं उनका बहुत स्वागत करता हूं। विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि टिगरिया बादशाह और पीपल्याहाना तालाब में छठ पूजा के लिए घाट बना दें तथायहां पर 2 से 3 दिन के लिए मेले का आयोजन करने की घोषणा कर दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने कहा कि यहां दो घाट बनना चाहिए, मैं घोषणा करता हूं कि इंदौर में छठ पूजा के लिए तीन तालाब पर घाट बनाए जाएंगे। मेले का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सरकार की सहभागिता रहेगी।

### सबका मन मोह लेते हैं मोहन

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्रीजी का नाम मोहन है। वह सब का मन मोह लेते हैं। वह प्रदेश के विकास की नई परिभाषा लिख रहे हैं। मां अहिल्या की पावन नगरी से बिहार दिवस, स्नेह मिलन समारोह का कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है। यह संदेश पूरे देश में जाएगा। मध्य प्रदेश की मिट्टी सबको अपना बना लेती है। बिहार और इंदौर में एक समानता है कि आप लिट्टी-चोखा खाते हैं और हम दाल-बाटी।

### ये थे उपस्थित

समारोह में केबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, सांसद शंकर लालवानी,राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़, मधु वर्मा, उषा ठाकुर, मनोज पटेल, कृष्णमुरारी मोघे, गोपीकृष्ण नेमा, जीतू जिराती, जयपाल सिंह चावड़ा, आलोक दुबे, दीपक जैन टीनू, नरेंद्र सलूजा, कैलाश शर्मा, उमाशशि शर्मा, सुदर्शन गुप्ता, कंचनसिंह चौहान, सुभाष चौधरी, देवराज सिंह परिहार, उमा नारायण पटेल, मनोज ठाकुर, चिंटू वर्मा, पंकज संघवी, सुधीर कोल्हे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### प्राचीन जलस्रोतों के संरक्षण की शपथ दिलाई

**इंदौर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर नगर निगम ने प्राचीन जल स्रोतों के जीर्णोद्धार एवं अमृत मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महापौर एवं निगमायुक्त ने वार्ड 9, स्कीम 51, संगम नगर में कलश पूजन कर पारंपरिक बावड़ी में जल प्रवाह किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना रहा। इस अवसर पर पार्षद राहुल जायसवाल, भारत सिंह रघुवंशी, पराग कौशल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कार्यक्रम में शामिल नागरिकों को जल संरक्षण और प्राचीन जल स्रोतों के पुनरुद्धार की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं, बल्कि इसमें आम जनता की सहभागिता भी आवश्यक है।

### सरकारी नौकरी सबको नहीं, लेकिन रोजगार के अवसर तो दे रहे हैं

**इंदौर।** रविशंकर प्रसाद ने भाजपा की बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि देश को बदलने की चाहत होनी चाहिए, वो मोदी सरकार में है। कांग्रेस की सरकार के समय जल, थल, वायु, पाताल, नभ में घोटाले किए। देश तब पांच खराब अर्थव्यवस्था वाले देशों में था, लेकिन आज भारत श्रेष्ठ पांच अर्थव्यवस्था वाले देशों में है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी हम सबको नहीं दे सकते, लेकिन रोजगार के अवसर दे रहे हैं। हमारे देश में 70 मोबाइल फैक्ट्री हैं। उसमें सात लाख से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। कम उम्र के युवा स्टार्टअप से लाखों करोड़ों रुपये कमा रहे हैं और रोजगार भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में खिलौना उद्योग, फुटवियर उद्योग बढ़ा है। इसमें सबसे ज्यादा रोजगार मिलता है। मोदी सरकार ने जनता के जीवन को आसान बनाया है।

### कॉलोनियों की विकास कामों के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा

**इंदौर।** जिले में नयी कॉलोनियों को विकसित करने की अनुमति और कॉलोनाईजर के लायसेंस के लिए अब किसी भी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। इधर-उधर भी नहीं भटकना होगा। कॉलोनियों की विकास अनुमति और कॉलोनाईजर के लायसेंस के लिए आवेदन लेने और अनुमति जारी करने और लायसेंस देने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह की पहल पर नवाचार के तहत ऑनलाइन व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत कॉलोनाईजर रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन परमिशन सिस्टम (क्रॉप्स) इंदौर नाम से पोर्टल तैयार किया गया है। कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, क्रेडाई के संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य कॉलोनाईजर, डेवलपर्स, संबंधित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद थे।

# गांधी भवन पर प्रॉपर्टी टैक्स के 10 लाख बाकी, 11 दुकानें सील

## आखिर 20-20 हजार चुकाना पड़ा किराएदारों को

**संवाददाता ● इंदौर**



नगर निगम ने गांधी भवन स्थित 11 दुकानों को सील कर दिया । यह कार्रवाई नगर निगम द्वारा संपत्ति कर की बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के चलते की गई है। गांधी भवन पर लगभग 10 लाख रुपए का संपत्तिकर बकाया था, जिसे लेकर नगर निगम ने यह कदम उठाया। बता दें कि इस बिल्डिंग में कांग्रेस पार्टी का कार्यालय भी संचालित हो रहा है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि अगर जल्द ही संपत्तिकर का भुगतान नहीं किया जाता तो पूरी बिल्डिंग को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

**सील**

नगर निगम की इस कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों में असंतोष देखने को मिल रहा है, लेकिन नगर निगम का कहना है कि यह कदम कानून के तहत लिया गया है और बकाए का भुगतान न होने पर कड़े कदम उठाए जाएंगे। शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव और यशवंत रोड व्यापारी एसोसियन के कमलेश मूरजानी ने बताया कि स्वर्गीय कन्हैयालाल खादीवाला गांधी भवन ट्रस्ट के नाम नगर निगम का 10 लाख 3720 रूपए सम्पत्ति कर बाकी था। जिस पर इंदौर नगर निगम ने गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय के नीचे 11 दुकानों को सील कर दिया था। इससे सभी व्यापारी परेशान हो गए थे। देवेंद्र सिंह यादव और कमलेश मूरजानी ने नगर निगम के उच्च अधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद बिल कलेक्टर यशवंत जोशी, विनय बागड़ी अन्य अधिकारियों ने चर्चा की। फिर यह सहमति हुई कि जो 11 दुकानों सील की गई हैं, उसके प्रत्येक दुकानदार 20-20 हजार रुपए जमा करें। सभी व्यापारियों ने नगर निगम को चेक दिया। इसके बाद गांधी भवन स्थित सभी दुकानों की सील खोली गई।

## अनाधिकृत गोदाम से दुकान का संचालन करने पर कार्रवाई

**इंदौर।** जिले में अनाधिकृत गोदाम एवं अन्य स्थानों से उचित मूल्य दुकानों का संचालन करने पर कार्रवाई की गई। जिला आपूर्ति नियंत्रक के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा भानगढ़ आपूर्ति स्टोर्स द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड क्रमांक 801044 की जांच की गई। जांच में पाया गया कि दुकान का संचालन अधिकृत स्थान/गोदाम से न होकर, किसी अन्य अनाधिकृत स्थान पर अनाधिकृत गोदाम से संचालन करते पाये जाने पर कार्रवाई की गई। उक्त गोदाम में उचित मूल्य दुकान का नाम प्रदर्शित बोर्ड नहीं पाया गया। इसके अलावा स्टॉक बोर्ड, सूचना बोर्ड, सीएम हेल्पलाईन बोर्ड, निगरानी समिति बोर्ड अथवा अन्य किसी प्रकार के सूचना बोर्ड का प्रदर्शन होना नहीं पाया गया। दुकान/गोदाम की जांच में भौतिक सत्यापन किये जाने पर 23.49 क्विंटल गेहूं, 14.46 क्विंटल चावल एवं 2.23 क्विंटल शक्कर की कमी पायी गई। उक्त अनाधिकृत गोदाम/दुकान में गंभीर अनियमितताएं पाई जाने के कारण मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने के कारण प्राधिकार पत्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी एस.एस. व्यास एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तृप्ति माला मिश्रा द्वारा उक्त कार्रवाई की गई। गोदाम/दुकान संचालक के अध्यक्ष/विक्रेता राजेंद्र चौकसे, सहायक आशुतोष चौकसे के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।



### सीए एसोसिएशन और अधिवक्ताओं के साथ विशेष चर्चा

# 'एक देश एक चुनाव' से लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती

**संवाददाता ● इंदौर**

देश में "एक देश, एक चुनाव" को लेकर आईसीएआई भवन में सीए एसोसिएशन और अधिवक्ताओं के साथ विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना से सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब नागरिक उसमें सक्रिय रुचि लेंगे। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि जब देश प्रगति कर रहा है, तो चुनाव प्रणाली में भी बदलाव की आवश्यकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया में सबसे मजबूत है और इसे और प्रभावी बनाने के लिए "एक देश, एक चुनाव" को लागू करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

**चर्चा**

केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अगर लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते हैं, तो इससे सरकार के साथ-साथ प्रतिनिधियों का भी खर्च कम होगा। बार-बार चुनाव होने से धन और संसाधनों की बड़ी मात्रा में बर्बादी होती है, जिसे रोका जा सकता है। साथ ही, इससे प्रशासनिक प्रक्रिया को अधिक सुचारू और पारदर्शी बनाया जा सकता है। महापौर व मप्र में "एक देश, एक चुनाव" के सह संयोजक पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि अलग-अलग चुनाव कराने पर देश का खर्च 5 से 6 लाख करोड़ रुपये आता है, जबकि एक साथ चुनाव होने पर यह खर्च घटकर 1 से 1.5 लाख करोड़ रुपये तक रह जाएगा।



### 'एक देश एक चुनाव' इसलिए जरूरी

- चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता आएगी।
- विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा, जो बार-बार आचार संहिता लागू होने से प्रभावित होते हैं।
- चुनाव प्रचार में होने वाले अनावश्यक खर्च को कम किया जा सकेगा।
- प्रशासनिक और सुरक्षा बलों पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा।

### 'एक देश एक चुनाव' इसलिए जरूरी

- चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता आएगी।
- विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा, जो बार-बार आचार संहिता लागू होने से प्रभावित होते हैं।
- चुनाव प्रचार में होने वाले अनावश्यक खर्च को कम किया जा सकेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2019 और 2024 के चुनावी घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि "एक देश, एक चुनाव" की दिशा में देश में जनमत तैयार करना आवश्यक है।

### सेंट्रल अथॉरिटी की लगातार सैंपलिंग में खुली पोल

# इंदौर की दवा कंपनियां के सैंपल लगातार फेल

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर की दवा कंपनियां जीवनरक्षक दवाएं निर्माण करने में निर्धारित पैमानों का पालन नहीं कर पा रही हैं। इसके कारण उनके सैंपल हर महीने स्टेट तो छोड़िए सेंट्रल की लैब से भी फेल हो रहे हैं। इंदौर की कुल 6 दवा कंपनियां ऐसी मिली हैं, जिनके 16 सैंपल मई, जून, अगस्त, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर और जनवरी महीने में फेल हुए हैं। ये सभी सैंपल नॉन स्टैंडर्ड क्वालिटी (NSQ) के मिले हैं। इसमें दो कंपनियां मॉडर्न लेबोरेट्रीज और नंदिनी मेडिकल लेबोरेट्रीज के सबसे ज्यादा 10 सैंपल फेल हुए हैं। वहीं, जेनेथ फार्मा और सिंडिकेट तो ऐसी हैं, जिनकी एक ही दवाई के अलग-अलग बैच नंबर के सैंपल भी मानकों पर खरे नहीं उतर पाए हैं। हालांकि, इन दवा कंपनियों ने सैंपल की रिपोर्ट को चैलेंज भी किया है।

### 5 महीने में 10 सैंपल लगातार फेल

सेंट्रल अथॉरिटी द्वारा जारी की गई लिस्ट में दवा कंपनियों मै. नंदिनी मेडिकल लेबोरेट्रीज प्रा.लि. और मै. मॉडर्न लेबोरेट्रीज के सबसे ज्यादा 5 महीने में 10 सैंपल लगातार फेल हुए हैं। ये दोनों ही इंदौर के बड़े दवा निर्माता माने जाते हैं। इन दोनों ही फार्मा कंपनियों को 2023 में भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा MSME अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इंदौर की जिन दवा कंपनियों के सैंपल फेल हुए हैं, वे असल में जीवनरक्षक दवाइयां हैं। इसमें कफ सिरप, सर्जरी या प्रसव जैसी प्रक्रियाओं के दौरान किसी क्षेत्र को सुन्न करने के लिए उपयोग में लाए जाने वाला इंजेक्शन, कैल्शियम की टैबलेट, मरीज को ऑपरेशन के बाद होने वाले ज्यादा दर्द को कम करने के लिए उपयोग में लाया जाने वाला इंजेक्शन और सूजन को कम करने वाली दवाई शामिल हैं।

असल में देशभर में बन रही और बिक रही दवाइयों की सैंपलिंग को लेकर सेंट्रल ड्रग अथॉरिटी निगरानी रखती है। निरंतर नियामक निगरानी के तहत दवाओं के नमूने बिक्री/वितरण बिंदु से एकत्र किए जाते हैं। उनका विश्लेषण किया जाता है और मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं (NSQ) पाई गई दवाओं की सूची हर महीने CDSCO पोर्टल पर प्रदर्शित की जाती है। इसी सूची में इंदौर की दवा कंपनियों के सैंपल लगातार फेल होते दिख रहे हैं। NSQ सूची प्रदर्शित करने का उद्देश्य हितधारकों को बाजार में पाए गए दवाओं के NSQ बैचों के बारे में जागरूक करना है। इंदौर की जिन 6 दवा कंपनियों के सैंपल फेल हुए हैं, उनमें मै. बंगाल केमिकल एंड फार्मास्यूटिकल्स लि., मै. नंदिनी मेडिकल लेबोरेट्रीज प्रा.लि., मै. मॉडर्न लेबोरेट्रीज, मै. जेनेथ ड्रग लि., मै. बायोमेडिका लेबोरेट्रीज प्रा.लि. और सिंडिकेट फार्मा शामिल हैं।

### सकारात्मक वातावरण में हुई परिचर्चा

# ताई ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से होने वाले फायदे गिनाए

**संवाददाता ● इंदौर**



एक राष्ट्र एक चुनाव विषय के समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर एक परिचर्चा का आयोजन डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन और म.प्र. उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य मुख्य वक्ता थे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और जीवजंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य श्रीराम रघुवंशी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ म. प्र. के सह संयोजक लोकेंद्र वर्मा इस आयोजन के संयोजक और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय मुख्य सहयोगी संस्थान की भूमिका में रहे। कार्यक्रम का आरंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान वंदेमातरम के साथ हुआ। संस्थान की कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक, रजिस्टार संदीप गुप्ता व संस्थान के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे प्रदान करके किया। संस्थान की कुलगुरु डॉ दीपिका पाठक ने स्वागत भाषण में संस्थान में पधारे अतिथियों का शाब्दिक अभिनंदन करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव विषय के समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव का वैचारिक समर्थन किया।

### 180 डिग्री के एंगल तक कर सकती है मूव

# एमवाय को मोबाइल यूनिट से लैस हाईटेक एक्स-रे मशीन मिली

**संवाददाता ● इंदौर**

एमवाय हॉस्पिटल में न्यूरो और हड्डी रोग से संबंधित ऑपरेशन अब और भी आसान हो जाएगा। अस्पताल को दो नई एडवांस एक्स-रे इमेजिंग मशीनें मिल गई हैं, जिससे ऑपरेशन थिएटर में सुविधाएं बढ़ जाएंगी। इन हाईटेक एक्स-रे मशीनों की कई खूबियां हैं, लेकिन दो विशेषताएं इसे और खास बनाती हैं। यह मशीनें मरीजों के इलाज के साथ-साथ डॉक्टरों और सर्जनों के लिए भी बेहद फायदेमंद साबित होंगी।

**सुविधाएं**

नई एक्स-रे मशीन मोबाइल यूनिट से लैस है, जिसका वजन करीब 400 किलोग्राम है। हालांकि, इसमें लगे पहियों की मदद से इसे ऑपरेशन थिएटर सहित अस्पताल के किसी भी हिस्से में आसानी से ले जाया जा सकता है। इसके अलावा, इस मशीन के एक्स-रे कैमरे को 180 डिग्री के एंगल तक मूव किया जा सकता है, जिससे डॉक्टर ऑपरेशन के दौरान अलग-अलग दिशाओं से स्पष्ट इमेज प्राप्त कर सकते हैं। इस मशीन का डिज़ाइन अंग्रेजी अक्षर "C" के आकार का होने के कारण इसे सी-आर्म मशीन कहा जाता है।

मीडिया प्रभारी डॉक्टर मनीष गोयल ने बताया कि ये मशीनें बेंगलुरु की प्रसिद्ध आलेन्जर्स कंपनी से खरीदी गई हैं। सामान्यतः एक मशीन की कीमत लगभग 10 लाख रुपये होती है। इस हिसाब से दोनों मशीनों की कुल लागत 20 लाख रुपये आई, लेकिन ऑपरेशन थिएटर में इंस्टॉलेशन की फीस जोड़कर कुल खर्च लगभग 25 लाख रुपये हुआ है। इन उन्नत मशीनों को अस्पताल में शामिल करने से इलाज में आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा।



### सर्जरी में मिलेगी बड़ी सुविधा, मरीजों को होगा लाभ

इस हाईटेक मशीन में दो स्क्रीन दी गई हैं, जिनमें से एक स्क्रीन पर ऑपरेशन के दौरान मरीज का ब्लड प्रेशर, हार्ट बीट और अन्य महत्वपूर्ण रिपोर्ट दिखाई देगी, जबकि दूसरी स्क्रीन पर सर्जरी का लाइव प्रसारण होगा। इससे सर्जन डॉक्टरों को ऑपरेशन करने में काफी आसानी होगी और ऑपरेशन की सटीकता बढ़ेगी। इन मशीनों की खूबियों के कारण ब्रेन ट्यूमर और रीढ़ की हड्डी की सर्जरी के लिए इसे किसी वरदान से कम नहीं माना जा रहा है। इसके उपयोग से अधिक मरीजों के ऑपरेशन किए जा सकेंगे, जिससे अस्पताल में इलाज की गुणवत्ता और बेहतर होगी।

# इस डिजिटल दुनिया में हम कुछ नहीं, बस डेटा हैं!

हमेशा की तरह इस गुरुवार को भी मैं अपनी दूधवाला फ्लाइट (अल सुबह) पर बोर्डिंग के लिए तैयार था। चूंकि उनींदा महसूस हो रहा था, तो कॉफी पीने का मन हुआ। कॉफी शॉप की कतार में मेरे आगे तीन लोग खड़े हुए थे। मैं अपनी बारी का इंतजार कर रहा था। दो लोगों ने यूपीआई से पैसा दिया और एक शख्स ने कार्ड से भुगतान किया। फिर मेरी बारी आई। मैंने एक कॉफी का ऑर्डर दिया। वह कॉफी बनाने के लिए चला गया क्योंकि मेरे पीछे कोई भी नहीं था। ज्यों ही कॉफी आई, मैंने उसे नकद पैसे दिए। पहले तो नकद पैसे लेने में उसने ना-नुकुर की। काउंटर पर मौजूद शख्स ने पूछा, ह्यक्या आपके पास यूपीआई नहीं है?ह्ल जब मैंने कहा कि ऐसे छोटी खरीदारी के लिए मैं हमेशा कैश देना पसंद करता हूं। तो वो मेरी बात से संतुष्ट नहीं दिखा। उसने पूछा, कम से कम कार्ड से भुगतान कर दीजिए।

उसकी इस बात से मेरे अवचेतन मन में शक पैदा हुआ कि कुछ तो गड़बड़-झाला है। और मैंने फिर कहा, मैं बुजुर्ग आदमी हूं और मुझे कोई भी कार्ड नहीं देता। कृपया कैश ले लें। और फिर तब उसने बेमन से अपनी बिलिंग मशीन को कैश के लिए पंच किया और मुझसे पूछा ह्लकृपया मुझे अपना बोर्डिंग पास दीजिए।ह्लतब मुझे जल्दी से समझ में आया कि उसे किसी बात की परवाह नहीं थी, वो बस मेरी निजी जानकारी चाह रहा था।सख्त लहजे में मैंने उससे पूछा, ह्यभारत में कब से सिर्फ एक कप कॉफी खरीदने के लिए अपना नाम और पता देने की जरूरत पड़ने लगी? अगर कॉफी नहीं देना चाहते हो, तो कोई बात नहीं। लेकिन मैं अपनी कोई भी जानकारी देने से इंकार करता हूं। मैं जानता हूं कि तुम या तुम्हारे मालिक इस तरह जमा किए हर नाम या डेटा को मोटी रकम लेकर बेच देते हो।ह्ल इससे वह थोड़ा नरम पड़ गया और मुझे बिल देकर कहा, ह्यसर, हम भला क्यों आपकी जानकारी लेना चाहेंगे, यह तो एयरपोर्ट अथॉरिटी हैं जो जोर देते हैं कि हमें हर सेल से ज्यादा से ज्यादा यात्री जानकारी जुटाने की आवश्यकता है।

> **अगर कॉफी नहीं देना चाहते हो, तो कोई बात नहीं। लेकिन मैं अपनी कोई भी जानकारी देने से इंकार करता हूं। मैं जानता हूं कि तुम या तुम्हारे मालिक इस तरह जमा किए हर नाम या डेटा को मोटी रकम लेकर बेच देते हो। इससे वह थोड़ा नरम पड़ गया और मुझे बिल देकर कहा, सर, हम भला क्यों आपकी जानकारी लेना चाहेंगे, यह तो एयरपोर्ट अथॉरिटी हैं जो जोर देते हैं कि हमें हर सेल से ज्यादा से ज्यादा यात्री जानकारी जुटाने की आवश्यकता है।**

इसलिए हम डिजिटल भुगतान पर जोर देते हैं, और हमें तो पता भी नहीं कि वे इस जानकारी का क्या करते हैं।आधुनिक दौर में डिजिटल भुगतान एक नए अवतार में आ चुका है। सालों पहले मैं डिजिटल लेनदेन का विकल्प भी रखता था, क्योंकि इससे गरीब लोग किसी मकसद से पैसे जमा कर सकते थे। एक बार मैंने पूर्वी दिल्ली के स्वास्थ्य विहार में मोहन चाट भंडार पर दो यूपीआई स्कैनिंग बोर्ड देखे। जब मैंने उससे पूछा कि वह दो यूपीआई बैंक डीटेल क्यों रखता है। तो उसने तपाक से जवाब दिया, ह्यसर, बाएं हाथ वाले स्कैनर पर आने वाले पैसों को मैं इस्तेमाल नहीं करता। वह पैसा मैं अपनी बहन की शादी के लिए जमा कर रहा हूं और यह तब तक चलता रहेगा, जब तक मेरी दोनों बहनों की शादी नहीं हो जाती। जबकि दाएं हाथ पर रखे स्कैनर पर आने वाले पैसों का इस्तेमाल मैं रोजमर्रा के खर्चों और बिजनेस में रोज लगने वाले सामान खरीदने के लिए करता हूं। उसकी बात सुनकर, मेरे साथ मौजूद मेरे मित्र ने उस यूपीआई पर बिल का भुगतान किया, जो उसने अपनी बहन की शादी के लिए खास रखा हुआ था। यह सुनकर मैं हिल गया क्योंकि कम से कम डिजिटल पेमेंट जैसी कोई एक चीज तो है, जिसने कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों को किसी उद्देश्य से बचत करने के लिए प्रेरित किया है। मेरी हमेशा से इच्छा थी कि वापस जाकर उससे पूछूं कि ह्लशादी कैसी रही और क्या इससे शादी के लिए बाहरी लोगों से पैसे उधार लेने की जरूरत पड़ी या नहीं।ह्ल लेकिन मुझे वहां दोबारा जाने का मौका ही नहीं मिला। हर छोटे से छोटे बिजनेस जैसे कि वह चाट भंडार वाला यूपीआई स्वीकार करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वो हमारी जानकारी बेच ही रहे हों। पर एयरपोर्ट पर होने वाले ऐसे अनुभव हमें डरा रहे हैं। फंडा यह है कि यह अलग बहस का मुद्दा है कि ग्राहकों की हर छोटी से छोटी जानकारी जुटाना कितना नैतिक है या नहीं। तब तक हम ये याद रखें कि हम केवल डेटा हैं, जो कहीं न कहीं इस्तेमाल होने के लिए हैं।इस आधार पर चुनौती मिलने पर मुस्लिमों के साथ ही एससी/एसटी और ओबीसी को मिल रहे आरक्षण पर भी सवाल उठ सकता है।

## संत वचन

एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा। फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा। इन सभी में संदर्भ को इस तरह से समझा जाना चाहिए

# जैसा अमेरिका ट्रम्प बना रहे हैं, वह दुनिया के लिए ठीक नहीं

यदि आप यूक्रेन, टैरिफ, माइक्रोचिप्स या अन्य मुद्दों पर ट्रम्प की टेढ़ी-मेढ़ी रणनीतियों से भ्रमित हैं, तो यह आपकी गलती नहीं है। यह ट्रम्प की गलती है! आपकी नजरों के सामने एक ऐसे प्रेसिडेंट हैं, जो आपराधिक मुकदमे से बचने और उन लोगों से बदला लेने के लिए चुनाव लड़े, जिन पर उन्होंने 2020 के चुनावों में धांधली करने का झूठा आरोप लगाया था। उनके पास 21वीं सदी के अमेरिका के लिए कोई विजन नहीं था। चुनाव जीतने के साथ ही उनकी पुरानी खब्तें लौट आई हैं। अपनी टीम में उन्होंने ऐसे लोगों को भर लिया, जो एक ही मानदंड को पूरा करते थे : संविधान, विदेश नीति के पारंपरिक मूल्यों या अर्थशास्त्र के बुनियादी सिद्धांतों के बजाय हमेशा केवल ट्रम्प के प्रति वफादारी!

और इसका नतीजा वही है, जो आप आज देख रहे हैं : बढ़ते-घटते टैरिफ, यूक्रेन पर डावांडोल रवैया, सरकारी विभागों और घरेलू-विदेशी कार्यक्रमों में लगातार बढ़ती कटौतियां, कैबिनेट सचिवों और कर्मचारियों द्वारा लागू किए गए परस्पर विरोधी आदेश, जो इस डर से एकजुट हैं कि अगर वे ट्रम्प के सोशल मीडिया फीड पर सामने आई नीति से विचलित होते !हैं तो मस्क या ट्रम्प उनके बारे में ट्वीट कर देंगे

**एडिट.नोट**

ये सब चार सालों तक नहीं चलेगा, दोस्तो। अनिश्चय की इस स्थिति के चलते हमारे बाजारों, उद्यमियों, मैन्युफैक्चरर्स, निवेशकों और सहयोगियों में घबराहट फैल जाएगी और हम बाकी दुनिया को भी सांसत में डाल देंगे। देश चलाने का यह कोई तरीका नहीं है कि आए यूक्रेन को धमकाएं, रूस को धमकाएं, फिर रूस को दी गई धमकी वापस ले लें, मेक्सिको और कनाडा पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दें और उन्हें स्थगित कर दें, चीन पर फिर से टैरिफ दोगुना कर दें और यूरोप और कनाडा पर और भी अधिक टैरिफ लगाने की धमकी देने लगें। हमारे पुराने सहयोगी देशों के शीर्ष अधिकारियों ने निजी तौर पर मुझसे कहा कि उन्हें डर है हम न केवल अस्थिर हो रहे हैं, बल्कि वास्तव में उनके दुश्मन बन रहे हैं। एकमात्र व्यक्ति जिनके साथ ट्रम्प नरमी से पेश आते हैं- वो पुतिन हैं। इससे अमेरिका के पारंपरिक मित्र सदमे में हैं। ट्रम्प का सबसे बड़ा झूठ यह है कि वे कहते हैं उन्हें एक बर्बाद अर्थव्यवस्था विरासत में मिली है और इसीलिए उन्हें ये सब करना पड़ रहा है। यह पूरी तरह से बेबुनियाद है। बाइडेन ने चाहे जितनी गलतियां की हों, लेकिन उनके कार्यकाल के अंत तक अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी स्थिति में आ गई थी और सही दिशा में आगे बढ़ रही थी। ऐसे में अमेरिका को वैश्विक टैरिफ शॉक थैरेपी की आवश्यकता नहीं थी। इस अनिश्चितता के मूल में यह है कि जिस दुनिया को आप 80 सालों से जानते थे, उसकी सबसे बड़ी महाशक्ति आज खुद नहीं जानती कि वह क्या कर रही है और क्यों कर रही है। दुनिया ने 1945 के बाद से आर्थिक विकास और शांतिकाल का एक असाधारण दौर देखा है। बेशक, इसमें कई परेशान करने वाले साल और पिछड़े हुए देश भी रहे थे। लेकिन विश्व-इतिहास के व्यापक दायरे में ये 80 साल बहुत-से लोगों के लिए, बहुत-सी जगहों पर उल्लेखनीय रूप से शांतिपूर्ण और समृद्ध रहे हैं। और दुनिया इन सालों में जिस तरह से थी, उसका नंबर 1 कारण अमेरिका की नीतियां थीं। 20 जनवरी, 1961 को जॉन एफ. कैनेडी ने अपने उद्घाटन भाषण में अमेरिकी-भावना की इन शब्दों में व्याख्या की थी : ह्यहर देश यह जान ले कि चाहे वह हमारा भला चाहे या बुरा, हम उसकी स्वतंत्रता और सफलता को सुनिश्चित करने के लिए कोई भी कीमत चुकाएंगे, कोई भी बोझ उठाएंगे, किसी भी कठिनाई का सामना करेंगे, किसी भी मित्र का समर्थन करेंगे और किसी भी शत्रु का विरोध करेंगे। दुनिया के मेरे साथी नागरिको, यह मत पूछिए कि अमेरिका आपके लिए क्या करेगा।

**चेतन भगत - लेखक**

# हम विश्वस्तरीय एयरलाइन क्यों नहीं बना सकते हैं?

5 मार्च को एअर इंडिया की फ्लाइट अक-126 ने शिकागो से दिल्ली के लिए 14 घंटे की नॉन-स्टॉप उड़ान भरी। विमान में 300 से ज्यादा यात्री सवार थे और उसमें 12 टॉयलेट्स थे। हालांकि जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, एक-एक करके सभी टॉयलेट्स जाम होते गए। साढ़े चार घंटे बाद- ग्रीनलैंड के ऊपर कहीं- 12 में से 11 टॉयलेट्स उपयोग के योग्य नहीं रह गए। चालक-दल ने विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया। इस तरह हवा में दस घंटे बिताने के बाद विमान फिर से शिकागो में उतर गया। सैकड़ों यात्रियों को दूसरी फ्लाइट्स में समायोजित करना पड़ा, उनका मार्ग बदलना पड़ा या पैसे लौटाने पड़े। जिन यात्रियों ने समय बचाने के लिए नॉन-स्टॉप उड़ान पर लाखों का भुगतान किया था, वे बुरे फंसे और विवाह समारोह, व्यापारिक बैठकें जैसे उनके अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम रह गए।

विमान के टॉयलेट्स की हालत इतनी खराब थी कि उसे चालू हालत में लाने में दो दिन लग गए। एअर इंडिया के अनुसार टॉयलेट्स में पॉलीथीन बैग, चिथड़े और कपड़े पाए गए, जिससे प्लंबिंग व्यवस्था तहस-नहस हो गई। एयरलाइन ने आगे बताया कि इससे पहले की उड़ानों में भी यात्रियों द्वारा ब्लैंकेट्स, अंडरगारमेंट्स और डायपर आदि को फ्लश कर दिया गया था। कुछ हफ्ते पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी एअर इंडिया की उड़ान में अपने एक बुरे अनुभव के बारे में निराशा जताई थी। हाल के महीनों में इसी तरह की अन्य शिकायतें भी सामने आई हैं। तो आखिर हो क्या रहा है? पहले कहा जाता था कि समस्या एअर इंडिया के पीएसयू होने में है, लेकिन अब तो वह निजी है और टाटा समूह के स्वामित्व में है। यह समूह मुंबई में ताज महल होटल, उदयपुर में ताज लेक पैलेस, नई दिल्ली में ताज मानसिंह, न्यूयॉर्क में द पियरे सहित कई विश्वस्तरीय संपत्तियों का संचालन करता है। फिर एयरलाइन के संचालन में क्यों बाधा आ रही है? जबकि एअर इंडिया ने विस्तारा के साथ भी विलय किया है, जो भारत की बेहतर एयरलाइंस में से एक थी। हमें धैर्य रखने के लिए कहा जाता है कि दशकों की अक्षमता को रातोंरात ठीक नहीं किया जा सकता। ठीक है। लेकिन क्या हमें वास्तव में ऐसी स्थिति को स्वीकार करना चाहिए कि एक पूरी फ्लाइट को जाम हुए टॉयलेट्स के कारण वापस लौटना पड़े? भारत की मार्केट-लीडर इंडिगो ने भी ग्राहकों की शिकायतों में वृद्धि देखी है। हालांकि, कम से कम उसने कभी लग्जरी एयरलाइन होने का दावा नहीं किया। यही बात स्पाइसजेट, अकासा और अन्य भारतीय एयरलाइंस पर भी लागू होती है। वे बिना किसी तामझाम के काम करती हैं- आपको पॉइंट ए से पॉइंट बी तक पहुंचाना। इससे ज्यादा कुछ नहीं। उन्होंने कभी विश्वस्तरीय सेवाओं का वादा नहीं किया, न ही आलीशान होने का दावा किया। सिंगापुर जैसे छोटे सिटी-स्टेट में सिंगापुर एयरलाइंस है, जो दुनिया की शीर्ष पांच एयरलाइंस में निरंतर शुमार होती है। छोटे खाड़ी देशों ने भी एमिरेट्स, कतर एयरवेज और एतिहाद जैसी एयरलाइंस बनाई हैं- जो विलासिता, विश्वसनीयता और वैश्विक-प्रतिष्ठा प्रदान करती हैं। जबकि भारतीय एयरलाइंस अक्सर ह्यटॉप 5 एयरलाइंस टु अवॉइडह्ल सूची में शामिल होती हैं। क्यों? हम कारणों पर विचार कर सकते हैं कि टैक्स बहुत अधिक हैं, रेगुलेशंस बोझिल हैं, विमान पुराने हैं, कोई भी एयरलाइंस में निवेश नहीं करना चाहता, हमारे हवाई अड्डे वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं हैं आदि। शायद हम इनमें और कारण जोड़ सकते हैं। जैसे कि बहुत-से भारतीयों में आज भी नागरिक-बोध या सामान्य ज्ञान नहीं है, चाहे वे कितने भी अमीर क्यों न हों। एक एयरलाइन टॉयलेट में अंडरगारमेंट को फ्लश करने की कोशिश करने के लिए एक विशेष प्रकार की बुद्धिमत्ता की जरूरत होती है और ऐसे लोग अक्सर हमारे देश में पाए जाते हैं। हम केवल अपने बारे में सोचना पसंद करते हैं, फिर दूसरों के साथ चाहे जो होता रहे। लेकिन एयरलाइन का संचालन अब कोई उच्च-तकनीक वाला कौशल नहीं रह गया है। विश्वस्तरीय विलासिता और सेवाएं प्रदान करना भी हमारे लिए नई बात नहीं है, हम इसे अपने शीर्ष होटलों में करते हैं। इसमें सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है। कई देशों में एटीएफ पर कोई कर नहीं है। रेगुलेशंस को भी लग्जरी और गुणवत्ता के अनुकूल होना चाहिए। किसी ऑपरेटर को जोखिम उठाकर बेहतरीन एयरलाइन बनानी चाहिए।

## बिजनेस.न्यूज

# अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस को 2,800 करोड़ का प्रोजेक्ट मिला, एअर इंडिया 40 वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदेगी

**एजेंसी ● मुंबई**

कल की बड़ी खबर अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस से जुड़ी रही। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने गुजरात में 2,800 करोड़ के पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट मिलने का ऐलान किया है। वहीं एअर इंडिया 40 वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदेगी।अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में (21 मार्च) करीब 3% की तेजी देखने को मिली। कंपनी ने शुक्रवार को गुजरात में 2,800 करोड़ के पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट मिलने का ऐलान किया है। इस खबर से कंपनी के शेयर में यह तेजी आई है। हालांकि, कारोबार बंद होने पर कंपनी का शेयर 1.83% की तेजी के साथ 830 रुपए पर बंद हुआ। बीते 5 दिन में कंपनी का शेयर 5% से ज्यादा चढ़ा है। एक महीने में कंपनी का शेयर करीब 24% चढ़ा है। वहीं बीते छह महीने में शेयर 19% और एक साल में 17% गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप 99.71 हजार करोड़ रुपए है।एअर इंडिया 30 से 40 वाइड बॉडी एयरक्राफ्ट खरीदने के लिए बोइंग और एयरबस से बातचीत कर रही है। डील 50 से ज्यादा विमानों के लिए भी हो सकती है। इसमें एयरबस अ350 और बोइंग 777७ मॉडल शामिल हैं। इस डील से एअर इंडिया के आधुनिकीकरण की योजना को मजबूती मिलेगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक डील का फाइनल फ्रेमवर्क जून में होने वाले पेरिस एयर शो तक सामने आ सकता है। एअर इंडिया 2023 में पहले ही 470 विमानों का ऑर्डर दे चुकी है। इसके अलावा, पिछले साल 100 एयरबस विमानों का ऑर्डर दिया था। हालांकि, इनमें से ज्यादातर सिंगल-आइल विमान थे। नया सौदा वाइड बॉडी विमानों के लिए होगा।इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मेकर ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर में शुक्रवार को करीब 9% की तेजी देखने को मिली। कारोबारी सेशन खत्म होने पर ये 4.27 रुपए (8.26%) बढ़कर 55.98 रुपए पर बंद हुआ। दरअसल कंपनी ने व्हीकल रजिस्ट्रेशन और सेल्स में गड़बड़ी पर सरकारी जांच की बात को नकारा है। ओला के इस बयान के बाद ही कंपनी के शेयर में यह तेजी देखने को मिली है।इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला ने अपने लगभग सभी साइबर ट्रक्स को वापस बुलाया है। बाहरी पैनल में आई समस्या के कारण इन साइबर ट्रक्स को रिकॉल किया गया है। ये इस मॉडल का आठवां और सबसे बड़ा रिकॉल है।

इलॉन मस्क की कंपनी की ओर से रिकॉल किए गए लगभग 46,000 व्हीकल्स में वे सभी मॉडल शामिल हैं, जो 13 नवंबर, 2023 से 27 फरवरी 2025 तक बनाए गए थे। साइबरट्रक का पहली बार प्रोडक्शन 13 नवंबर, 2023 को ही किया गया था।अगर आप यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (वढक) से ट्रांजेक्शन करते हैं और बैंक से लिंक्ड आपका मोबाइल नंबर लंबे समय से इनएक्टिव है तो इसे तुरंत एक्टिव करा लें। नहीं तो आपको पेमेंट करने में परेशानी हो सकती है। क्योंकि, 1 अप्रैल से वढकपेमेंट सर्विस से जुड़ा नया नियम लागू होने वाला है। इसमें बैंक अकाउंट से जुड़े ऐसे मोबाइल नंबर, जो लंबे समय से एक्टिव नहीं हैं या जिन्हें बंद होने के बाद फिर से एक्टिव कराया गया है।

उन्हें वढकसिस्टम से हटा दिया जाएगा। इस बदलाव का असर उन यूजर्स पर पड़ेगा, जिनके बैंक अकाउंट में कोई पुराना या बंद नंबर लिंक्ड है।हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार (21 मार्च) को सोना-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (क्इखअ) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 88,506 रुपए से 337 रुपए कम होकर 88,169 रुपए पर आ गया है। कल गोल्ड की कीमत लगातार पांचवें दिन ऑल टाइम हाई पर थी।

# 31 मार्च तक 'महिला सम्मान सेविंग्स-सर्टिफिकेट' में निवेश का मौका

**नई दिल्ली।** 'महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट' (टररउ) स्कीम में निवेश करने के लिए अब 10 दिन से भी कम का समय बचा है। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही ये खास इन्वेस्टमेंट स्कीम 1 अप्रैल 2025 से बंद हो रही है। 31 मार्च 2025 के बाद इस स्कीम में पैसा नहीं लगाया जा सकेगा। 1 फरवरी 2023 को पेश बजट में सरकार ने इस योजना को शुरू करने की घोषणा की थी। वहीं योजना की शुरूआत 1 अप्रैल 2023 से 2 साल के लिए की गई थी। यानी 31 मार्च 2025 के बाद इस स्कीम के दो साल पूरे हो रहे हैं। सरकार ने अब तक इस स्कीम को आगे बढ़ाने को लेकर कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। इस स्कीम में 7.5% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इसमें कम से कम 1000 रुपए से लेकर अधिकतम 2 लाख रुपए का निवेश किया जा सकता है। इसमें 2 साल के लिए निवेश करना होता है।खास परिस्थितियों में ये अकाउंट 2 साल से पहले, लेकिन 6 महीने बाद ही बंद किया जा सकता है। हालांकि ऐसा करने पर 7.5% की जगह 5.5% ही ब्याज मिलेगा। ये ब्याज प्रिंसिपल अमाउंट पर दिया जाएगा। इसके अलावा आप 1 साल बाद 40% रकम निकाल सकते हैं।

**बच्ची के नाम पर भी कर सकते हैं निवेश**

इस स्कीम के तहत महिला खुद के लिए अकाउंट खुलवा सकती हैं। इसके अलावा मामा-पिता (गार्जियन) अपनी बेटी (नाबालिग) के नाम पर भी ह्यमहिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेटह्ल में निवेश कर सकते हैं। यानी इसमें नाबालिग लड़की के नाम पर भी निवेश किया जा सकता है।आप किसी भी डाकघर और अधिकृत बैंकों में टररउ खाता खोल सकते हैं। खाता खोलने के लिए आपको इसके फॉर्म के साथ ही केवाईसी डॉक्यूमेंट्स जमा करने होंगे।इन स्टेशनों पर 11,500 से ज्यादा सुपर चार्जर लगे हैं। ली ऑटो ने अप्रैल 2023 से 1,900 फास्ट चार्जिंग स्टेशन बनाए हैं। वहीं, जीकर का 2026 तक में एक लाख अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग पोल या 2,000 स्टेशन का टारगेट है।

एक अन्य इवी कंपनी हुवावे ने लिक्विड-कूल्ड अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग पाइल भी बनाए हैं, जो 600'ह की मैक्सिमम चार्जिंग पावर और 1,000-वोल्ट आर्किटेक्चर तक के वाहनों को सपोर्ट करते हैं। पिछले साल कंपनी ने 50 हजार से ज्यादा अल्ट्रा-फास्ट चार्जर सहित चार्जिंग स्टेशन बनाए हैं।

**राज-काज**

## इस हफ्ते सोना महंगा हुआ, चांदी में रही गिरावट

**मुंबई।** इस हफ्ते सोने के दामों में बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (क्इखअ) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 15 मार्च को सोना 86,843 रुपए पर था, जो अब (22 मार्च) 88,169 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,326 रुपए बढ़ी है। वहीं चांदी की बात करें तो इसकी कीमत में इस हफ्ते गिरावट रही। पिछले शनिवार को चांदी 98,322 रुपए पर थी, जो अब 97,620 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 702 रुपए कम हुई है। वहीं इसी हफ्ते 17 मार्च को चांदी ने 1,00,400 रुपए और 20 मार्च को सोने ने 88,761 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,980 रुपए है। मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 89,780 रुपए है।

**बिल गेट्स ने कहा- 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र के रूप में उभरेगा**

# इंडिया की ग्रोथ से पूरी दुनिया को फायदा होगा

**मुंबई।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने कहा कि इंडिया की ग्रोथ से पूरी दुनिया को फायदा होगा। गुरुवार को मुंबई में एक इवेंट में बिल गेट्स ने यह बात कही है। इतना ही नहीं उन्होंने भारत के इनोवेशन की तेज गति की भी सराहना की है। बिल गेट्स ने कहा कि 2047 तक देश का विकसित राष्ट्र के रूप में उभरना न केवल भारत को बदल देगा, बल्कि दुनिया पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि फैक्ट यह है कि भारत में हेल्थ और एजुकेशन जैसे प्रमुख सेक्टरों को प्राथमिकता दी गई है, इससे बहुत सकारात्मक गतिशीलता पैदा हुई है।'

भारत के इकोनॉमिक ग्रोथ आउटलुक को आशाजनक बताते हुए गेट्स ने कहा, 'यह एक बेहतरीन स्थिति है, जब इस बात पर बहस चल रही है कि विकास दर 5% होगी या 10%। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि यह 10% तक पहुंचेगी, लेकिन 5% से नीचे भी नहीं जाएगी। गेट्स ने भारत की अकडेवलपमेंट अप्रोच की सराहना की बिल गेट्स ने कहा कि आर्थिक विस्तार हेल्थकेयर और एजुकेशन में अधिक सरकारी निवेश को सक्षम करेगा, जिससे महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) पर गेट्स ने कहा कि यह टेक्नोलॉजी बहुत बड़े बदलाव लाएगी। लेकिन उन्होंने इस डर को खारिज कर दिया कि अकसे नौकरियां खत्म हो जाएंगी।

गेट्स ने भारत की अकडेवलपमेंट अप्रोच की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत का स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार ओपन-सोर्स फाउंडेशन मॉडल को अपनाना अच्छा है, जिसमें भारतीय भाषाओं का सपोर्ट भी शामिल है।

बिल गेट्स ने आधार और वढकसमेत भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की भी तारीफ की और इसे दुनिया के लिए देश के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक बताया। गेट्स ने कहा, 'हर बार जब मैं भारत आता हूं, तो मैं देखता हूं कि कई कंपनियां इस इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ उठा रही हैं। चाहे बैंकिंग हो, सरकारी लाभ हो या स्टॉक ट्रेडिंग हो। भारत में इनोवेशन मेरी अपेक्षा से कहीं ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रहा है।' दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं बिल माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। फोर्ब्स के मुताबिक इनकी नेटवर्थ 107.1 बिलियन डॉलर करीब 9.21 लाख करोड़ रुपए है। बिल गेट्स ने 1975 में माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की थी।



अखिल भारतीय लोकतांत्रिक महिला एसोसिएशन की सदस्य त्रिपुरा के अगरतला में विरोध प्रदर्शन करती हुईं।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार, 23 मार्च, 2025
www.adityabharat.com



### देर रात कचरे की वजह से धधका पार्क, एक दर्जन टैंकर ने तीन घंटे में बुझाई

# भोपाल के इकोलॉजिकल पार्क में आग, पौधे झुलसे

**संवाददाता ● भोपाल**

**आग**

भोपाल के लहारपुर स्थित इकोलॉजिकल पार्क में आग लगने से सैकड़ों पौधे झुलस गए। शनिवार सुबह तक आग धधक रही थी। जिसे रहवासियों ने बुझाया। वन विभाग का इकोलॉजिकल पार्क 1500 हेक्टेयर एरिया में फैला है। यहां सुबह-शाम हजारों लोग घूमने पहुंचते हैं। आसपास हरियाली सबका मन मोह लेती है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात पार्क में आग लग गई। इससे सैकड़ों छोटे पौधे झुलस गए।

**कचरा फेंक जाते हैं लोग–** आग रात करीब 1 बजे लगी। लोगों ने जब आग की लपटें देखीं तो तुरंत फायर कंट्रोल रूम पर सूचना दी। रात में ही आसपास के फायर स्टेशन से फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। करीब तीन घंटे में आग बुझाई जा सकी। प्रत्यक्षदर्शी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि पूरे पार्क में कचरा फैला हुआ है। नगर निगम और वन विभाग का ध्यान नहीं है। इसी कचरे में आग लगी। पार्क में अलग-अलग जगहों पर पड़े कचरे में आग सुलगती रही।



### हर साल लगती है आग

इस पार्क में हर साल आगजनी की घटना होगी है। कभी नरवाई की वजह से आग लगती है, तो कभी कचरे के कारण। बावजूद न तो वन विभाग के अफसर अलर्ट हैं और न ही निगम कचरा उठाता है। समाजसेवी तिवारी ने बताया, इस संबंध में डीएफओ लोकप्रिय भारती और निगम के अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान से बात है। उन्हें समस्या का निराकरण करने को कहा है।

### पार्क से कई रहवासी इलाके जुड़े

इस पार्क से बाग मुगालिया एक्सटेंशन, कटारा हिल्स, लहारपुर, आसाराम नगर, ग्लोबल पार्क सिटी, अमलतास अपार्टमेंट्स रामायण सिटी, विवेकानंद परिसर, गौरीशंकर कौशल कैम्पस समेत कई रहवासी इलाके जुड़े हैं। इधर, शनिवार सुबह पंजाबी बाग स्थित पलक होटल के पास एक खाली मकान में आग लग गई। मकान के कैम्पस में पेड़-पौधे और झाड़ियां थीं। जिसमें आग लगी। दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## शॉर्ट न्यूज

### दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने पर HC सख्त

**जबलपुर।** दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले को जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, जबलुपर पुलिस अधीक्षक, बेलखेड़ा टीआई और डीईओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने याचिका दायर कर बताया कि विगत दिनों बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में मासूम बच्ची के साथ उसी के शिक्षक द्वारा दुष्कर्म किया गया था। शासकीय कर्मचारी होने के कारण बेलखेड़ा थाना प्रभारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा, जिसमें बलात्कार पीड़िता का नाम उजागर कर दिया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने शिक्षक को निलंबित कर दिया।

### करंट लगने से भाई-बहन की मौत, एक गंभीर

**जबलपुर।** जबलपुर में सगे भाई-बहन की करंट लगने से मौत हो गई। एक अन्य बच्चा झुलस गया है, उसकी हालत गंभीर है। तीनों बच्चे खेत के आसपास घूम रहे जानवरों को भगाने गए थे। इसी दौरान खेत के किनारे झूल रहे बिजली के तार की चपेट में आ गए। घटना सुरैया टोला गांव में आज शनिवार सुबह करीब 8 बजे की है। बच्चों के माता-पिता खेत में काम कर रहे थे। फसल के पास जानवर घूम रहे थे, जिन्हें भगाने के लिए देव (12) अपनी बहन पूजा (10) और दिलीप (12) के साथ खेत किनारे दौड़कर गया। खंभे से झूलता बिजली का तार जमीन पर पड़ा था, जिसकी चपेट में बच्चे आ गए। पाटन स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दिलीप को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने शवों को पाटन-शहपुरा रोड पर रखकर चक्काजाम कर दिया।

### हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदा छात्र, लैपटॉप में लिखा सुसाइड नोट..

**गुना।** गुना जिले के राघौगढ़ में स्थित जेपी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले एक छात्र ने हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। मृतक छात्र की पहचान वैभव वर्मा के तौर पर हुई है जो कि कानपुर का रहने वाला था और कम्प्यूटर साइंस सेकंड ईयर का स्टूडेंट था। वैभव के हॉस्टल की बिल्डिंग से छलांग लगाते ही हॉस्टल में हड़कंप मच गया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की। पुलिस को छात्र वैभव के लैपटॉप में एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने लिखा है- पहले ये ऊपर का ही पढ़ना। नीचे का तब पढ़ना, जब मुझे दो कॉल कर लो और मैं कॉल न उठाऊं। तब तक शायद मैं जा चुका होऊंगा। अनुज मेरे दोस्त, तेरे साथ बहुत अच्छा समय निकला। जितना भी समय था, बहुत अच्छे से गुजारा है। हालांकि, ये समय कुछ और ज्यादा होना था। मैं बहुत गिल्ट में हूं। मेरे साथ 20 हजार रुपए का फ्रॉड हुआ।

### मुख्यमंत्री ने मालनपुर में एक हजार करोड़ रूपए लागत की एलिक्सर इंडस्ट्रीज की आधुनिक इकाई का भूमिपूजन

# विकास में चंबल क्षेत्र लिख रहा सुनहरा अध्याय : सीएम यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

**भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास का जो सपना देखा है, चंबल क्षेत्र उसमें सुनहरा अध्याय लिख रहा है। चंबल की भूमि उपजाऊ है, कमाऊ है, साथ ही टिकाऊ भी है। चंबल जैसा टिकाऊ जज्बा और कहीं देखने को नहीं मिलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को भिण्ड जिले के मालनपुर में एक हजार करोड़ रूपए की लागत से एलिक्सर इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की आधुनिक मेगा इकाई का भूमि-पूजन करते हुए यह बात कही। इस मौके पर रेडीमेड गारमेंट ग्वालियर की 7 इकाईयों और मुरैना जिले के औद्योगिक क्षेत्र पिपरसेवा की 11 इकाईयों का भी भूमिपूजन किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंबल अब विकास के नाम से पहचाना जाता है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच और प्रदेश सरकार के संकल्प के कारण अनेक औद्योगिक इकाईयां प्रारंभ हुई हैं। इन औद्योगिक इकाईयों के प्रारंभ होने से बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय अनुसूचित जातिआयोग के अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, विधायक गोहद केशव देसाई, लहार विधायक अम्बरीश शर्मा, देवेन्द्र सिंह नरवरिया एवं एलिक्सर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमेन अरुण गोयल सहित क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर कार्यक्रम में वर्चुअल उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिये हर संभव कार्य किया जा रहा है। इन्वेस्टर्स समिट व रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव से न केवल देश बल्कि विदेशों से भी इन्वेस्टर्स को आमंत्रित करने का कार्य किया गया है, जिसके सार्थक परिणाम भी परिलक्षित हो रहे हैं। ग्वालियर-चंबल संभाग में भी अनेक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं, जिनके माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग के युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ ही किसानों के हित में भी अनेक निर्णय लिए गए हैं।



### चंबल में लग रहे बड़े उद्योग

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री पटेल ने कहा कि चंबल क्षेत्र औद्योगिक रुप से विकसित हो रहा है। यह हम सबके लिये प्रसन्नता की बात है। औद्योगिक विकास से न केवल क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा, बल्कि यहां के युवाओं को बेहतर रोजगार भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से मालनपुर में एक हजार करोड रुपए के निवेश से जो नई इकाई प्रारंभ हो रही है, वह इस क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिखेगी। ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ-साथ सम्पूर्ण प्रदेश में औद्योगिक विकास का बेहतर माहौल बना है, जिसके सार्थक परिणाम हमें सम्पूर्ण प्रदेश में दिखाई दे रहे हैं। ऊर्जा मंत्री तोमर कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ग्वालियर-चंबल संभाग के औद्योगिक विकास के लिये धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर के रेडीमेड गारमेंट पार्क में भी नई औद्योगिक इकाईयां प्रारंभ हुई हैं, इससे ग्वालियर के युवाओं को बेहतर रोजगार मिल सकेगा। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संकल्प के कारण प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है। ग्वालियर-चंबल संभाग में भी औद्योगिक विकास की दिशा में अनुकरणीय कार्य हो रहा है। मालनपुर में एक हजार करोड रुपए की नवीन इकाई स्थापित होने से क्षेत्र के युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

### मुख्यमंत्री ने नवीन उद्योगपतियों से किया वर्चुअल संवाद

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने मालनपुर में आयोजित समारोह से ग्वालियर रेडीमेड गारमेंट पार्क में स्थापित की जा रही नई इकाइयों के संचालकों और मुरैना जिले के पिपरसेवा में स्थापित की जा रही नई इकाइयों के संचालकों से भी वर्चुअली संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर रेडीमेड पार्क से अमित जैन, मोहित शिवहरे, हर्षित बंसल और संजय खण्डेलवाल से नई इकाइयों के संचालन के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को नई इकाई प्रारंभ करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि नई इकाईयों के माध्यम से बेहतर कार्य कर प्रदेश के विकास में भागीदार बनें और जरुरतमंदों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

### देर रात ग्वालियर के मैरिज गार्डन में भड़की आग

**ग्वालियर।** देर रात ग्वालियर के मैरिज गार्डन में भड़की आग, शामियाना समेत सामान जला, सात दमकलों ने पाया काबू मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में शुक्रवार देर रात बंधन मैरिज गार्डन में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर दिया। सूचना पर तत्काल दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाने प्रयास शुरू किए। वहीं, जानकारी लगने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार, झांसी रोड इलाके में स्थित बंधन गार्डन में कोई कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान रात करीब एक बजे गार्डन में आग लग गई। आग में कंप्यूटर, साउंड सिस्टम और शामियाना समेत इंटीरियर का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए।

### करोड़पति कॉन्स्टेबल केस में अब पुलिस की एंट्री

**ग्वालियर।** आरटीओ के पूर्व करोड़पति कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा केस में अब पांचवीं जांच एजेंसी की एंट्री हो गई है। लोकायुक्त, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), आयकर विभाग और डीआरआई (डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस) के बाद अब ग्वालियर पुलिस ने सौरभ शर्मा और उसकी मां उमा शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। परिवहन विभाग की तरफ से सौरभ और उमा शर्मा के खिलाफ ग्वालियर के सिरोल थाना में शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया है। साल 2016 में परिवहन विभाग में अनुकंपा नियुक्ति लेते समय सौरभ और उसकी मां उमा शर्मा ने शपथ पत्र में बड़े भाई सचिन शर्मा की छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी की बात छिपाई थी। सौरभ की नियुक्ति को लेकर आरटीआई एक्टिविस्ट संकेत साहू पहले ही लोकायुक्त में शिकायत कर चुके थे। बता दें कि दैनिक भास्कर 20 दिन पहले ही खुलासा कर चुका था ।

# मेट्रो की ब्लू लाइन के लिए मिट्टी की टेस्टिंग

### भोपाल में भदभदा से रत्नागिरी के बीच दौड़ेगी मेट्रो; 13Km में 14 स्टेशन बनेंगे



**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल मेट्रो की दूसरी- ब्लू लाइन के लिए मिट्टी की टेस्टिंग शुरू हो गई है। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) के सामने स्टेशन और आईटीआई-जेके रोड पर पिलर के लिए टेस्टिंग हो चुकी है। अफसरों के मुताबिक, जिस जगह स्टेशन बनेंगे और जहां पिलर खड़े किए जाएंगे, वहां पहले मिट्टी की टेस्टिंग की जाएगी। ताकि, पता चल सके कि जमीन कितनी मजबूत है।

बता दें कि ऑरेंज लाइन के साथ भदभदा-रत्नागिरी के बीच मेट्रो की ब्लू लाइन का काम भी शुरू हो गया है। ये पूरा प्रोजेक्ट 1006 करोड़ रुपए का है। कुल 13 किमी लंबे इस रूट पर 14 स्टेशन भी बनेंगे। मिट्टी की टेस्टिंग दो तरह से हो रही है। पहला परीक्षण उन जगहों पर हो रहा है, जहां पिलर बनाए जाएंगे। वहीं, दूसरा परीक्षण मेट्रो स्टेशन के नीचे हो रहा है। रायसेन रोड स्थित आईटीआई के सामने और जेके रोड पर पिलर के लिए टेस्टिंग हो चुकी है। वहीं, मिंटो हॉल के सामने स्टेशन के लिए टेस्टिंग शुक्रवार को की गई। ब्लू लाइन के लिए कुल 14 स्टेशन बनेंगे। इनमें भदभदा चौराहा, डिपो चौराहा, जवाहर चौक, रोशनपुरा चौराहा, कुशाभाऊ ठाकरे हॉल, परेड ग्राउंड, प्रभात चौराहा, गोविंदपुरा, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जेके रोड, इंद्रपुरी, पिपलानी और रत्नागिरी तिराहा शामिल हैं।

### कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर पर भी स्टेशन

एक स्टेशन कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर पर भी बनेगा। 14वें स्टेशन के तौर पर बोगदा पुल (इंटरचेंज) सेक्शन बनाया जाएगा। जहां करोंद चौराहा से एम्स के बीच बनने वाली ऑरेंज लाइन और भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा के बीच चलने वाली ब्लू लाइन का इंटरचेंज होगा। यह एक ऐसा सेक्शन होगा, जहां यात्री एक मेट्रो से उतरकर दूसरी में सवार हो सकेंगे। पुल बोगदा के पास का हिस्सा सुभाष नगर से एम्स (प्रायोरिटी ट्रैक) के पास ही है। इसलिए इंटरचेंज सेक्शन पर भी जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि इंटरचेंज सेक्शन को अभी से डिजाइन करना पड़ेगा।

### गोलीबारी में एक शख्स घायल

# जमीनी विवाद को लेकर दो परिवारों में खूनी संघर्ष

**संवाददाता ● सीहोर**

मध्य प्रदेश के सीहोर के चिंच गांव में जमीन विवाद को लेकर परिवार के बीच हुआ आपसी विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इस दौरान गोली चलने से एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं लाठी, डंडों के हमले से दो अन्य घायल हो गए। तीनों को गंभीर अवस्था में भोपाल रेफर किया गया। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव चींच में सरपंच शिव पवांर और मनोहर पवांर के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। दोनों ही आपस में जीजा-साले हैं और इनके बीच 22 डिस्मिल जमीन का मामला अदालत में विचाराधीन है। कोर्ट द्वारा दोनों पक्षों को जमीन पर न जाने की हिदायत दी गई थी, लेकिन गुरुवार (20 मार्च) को दूसरे पक्ष के संदीप के द्वारा खेत पर तार फेंसिंग करवाई जा रही थी। इसकी जानकारी जब शिव पवांर को लगी तो वह अपने बेटे मोहित, दीपांशु ,भाई कैलाश, भांजा ब्रजमोहन व कमलेश पवांर को लेकर खेत पर जा पहुंचा। इस दौरान शिव पवांर ने तार फेंसिंग नहीं करने की हिदायत दी, लेकिन संदीप नहीं माना तो दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। घटना के दौरान कैलाश पवांर ने मनोहर पवांर पर भाई की लाइसेंसी रिवॉल्वर से दो फायर कर दिए।

### चार महीने पहले हुई थी शादी

# महिला डॉक्टर की संदिग्ध मौत, हाथ पर सूई के निशान

**संवाददाता ● भोपाल**

**मामला**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक महिला डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। 25 वर्षीय डॉ। रिचा पांडे का शव उनके बेड पर मिला, जहां उनके हाथों पर इंजेक्शन के निशान पाए गए हैं। मृतका की शादी महज चार महीने पहले हुई थी, जिससे यह मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है।

शाहपुरा थाना प्रभारी लोकेंद्र ठाकुर के मुताबिक, डॉ। रिचा पांडे मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली थीं। उनकी शादी चार महीने पहले ही भोपाल में डेंटिस्ट डॉ। अभिजीत पांडे से हुई थी। रिचा भोपाल के एक निजी मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थीं। गुरुवार रात को पति-पत्नी अलग-अलग कमरों में सोए थे।वहीं, शुक्रवार सुबह जब डॉ। अभिजीत ने अपनी पत्नी के कमरे का दरवाजा खटखटाया, तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने कई बार आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। जब भी कोई हलचल नहीं हुई, तो 11 नंबर स्टॉप से एक दरवाजे खोलने वाले व्यक्ति को बुलाया गया। जब उसने दरवाजा तोड़ा, तो अंदर का नजारा चौंकाने वाला था। डॉ। रिचा बेड पर बेसुध हालत में पड़ी थीं।



फिलहाल पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या किसी अन्य साजिश के तहत यह घटना हुई है। मृतका के परिजनों से पूछताछ के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। भोपाल पुलिस ने कहा है कि वे हर एंगल से इस मामले को देख रहे हैं और जल्द ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### इंजेक्शन के निशान और मौत की गुत्थी

उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में डॉ। रिचा के हाथों पर इंजेक्शन के निशान मिले हैं। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि यह किस तरह का इंजेक्शन था और क्या इसकी वजह से उनकी मौत हुई। मौत की असली वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस ने मृतका के परिवार को घटना की जानकारी दे दी है और उनके आने के बाद शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# गौरव खन्ना-निक्की तंबोली के बीच हुई बहस

## एक-दूसरे को खरी-खोटी सुनाते दिखे टीवी कलाकार



गौरव खन्ना 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में इन दिनों छाए हुए हैं। वह अच्छे अभिनेता होने के साथ, कमाल के कुक भी हैं। हाल ही में एक कुकिंग टास्क के दौरान उनका और निक्की तंबोली का झगड़ा हो गया। इस झगड़े में दोनों ने एक-दूसरे को काफी कुछ कहा। एक टास्क के दौरान गौरव, निक्की और बाकी प्रतियोगी को कुकिंग करने का अलग-अलग समय मिला। इसी बीच गौरव ने कहा कि निक्की के पास पहले ही इम्यूनिटी पीन है यानी वह गेम में सुरक्षित हैं। इस पर निक्की बोली कि गौरव एक असुरक्षित आदमी है। इस बात पर गौरव ने निक्की को कहा कि जो बातें आप बोल रही हैं, वह आपकी सोच को दिखाता है। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में गौरव खन्ना, निक्की तंबोली के अलावा तेजस्वी प्रकाश भी बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। शो में जज के तौर पर फराह खान, शेफ रणबीर बरार और विकास खन्ना नजर आ रहे हैं। शो में अपनी कुकिंग से प्रतियोगियों को शेफ विकास, रणबीर और निर्देशक फराह को प्रभावित करना होता है। गौरव खन्ना ने कई टीवी सीरियल में रोमांटिक हीरो के रोल निभाए हैं। सीरियल 'अनुपमा' में भी वह रुपाली गांगुली के अपोजिट नजर आए। सीरियल में गौरव खन्ना ने अनुज नाम का किरदार निभाया था। इस किरदार को काफी पसंद किया गया था।



# मैच से पहले KKR को सपोर्ट करने कोलकाता पहुंचे शाहरुख खान



आईपीएल 2025 की शुरुआत हो रही है। करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले इस टुर्नामेंट में 10 टीमें आपस में मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। आईपीएल शुरू होते ही क्रिकेट फैंस की खुशी दोगुनी हो जाती है। सभी अपनी फेवरेट टीम को सपोर्ट करने में पूरा जोर लगा देते हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान भी क्रिकेट के बड़े प्रशंसक हैं और अपनी टीम कोलकाता नाइटराइडर्स को सपोर्ट करने के लिए वे स्टेडियम में भी नजर आते हैं। अब साल 2025 में उनकी टीम पहला ही मैच खेल रही है। ऐसे में वे भी अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए कोलकाता पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट से उनका वीडियो भी सामने आया है जिसमें वे बस से उतर रहे हैं और पब्लिक उन्हें देखकर चीयर करती नजर आ रही है। शाहरुख खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है जो कोलकाता एयरपोर्ट का है। एक्टर बस से उतरते नजर आ रहे हैं। उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ मौजूद है। कोई उनका वीडियो बना रहा है तो कोई उन्हें चीयर करता नजर आ रहा है।

# वह पल गुस्से से भरा....' डिनो मोरिया ने एक्स बिपाशा बसु से किया था ब्रेकअप

**'राज' के सेट पर टूट गई थी एक्ट्रेस**



फिल्मी सितारों की जिंदगी में ब्रेकअप से उभरना थोड़ा मुश्किल हो जाता है, क्योंकि ब्रेकअप के बाद भी उन्हें एक-दूसरे के साथ फिल्म में काम करना पड़ता है। भले ही पर्दे पर उनका दर्द न दिखता हो, लेकिन पर्दे के पीछे वे एक बुरे दौर से गुजर रहे होते हैं। डीनो मोरिया और बिपाशा बसु के साथ भी कुछ ऐसा ही था। एक वक्त था, जब बॉलीवुड के गलियारों में बिपाशा और डीनो मोरिया के अफेयर के किस्से खूब मशहूर थे। दोनों बी-टाउन के पावर कपल में गिने जाते थे लेकिन हॉरर थ्रिलर राज की शूटिंग के दौरान ही उनका ब्रेकअप हो गया था। अब सालों बाद डीनो मोरिया ने बिपाशा के साथ अपने ब्रेकअप के दिनों को याद किया है। डीनो मोरिया ने एक हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया है कि उन्होंने ही बिपाशा बसु से ब्रेकअप किया था जिसकी वजह से एक्ट्रेस बुरी तरह टूट गई थीं। पिंकविला के साथ बातचीत में अभिनेता ने कहा, 'सच कहूं तो मैंने ही बिपाशा से ब्रेकअप किया था। उनके लिए यह बहुत मुश्किल था और मैंने उन्हें हर रोज सेट पर देखता था और वह बहुत परेशान थीं। जिस शख्स की मैं परवाह करता हूं उसे हर रोज इस तरह देखना मेरे लिए बहुत मुश्किल था लेकिन हमने पहले ही अलग-अलग रास्ते चुन लिए थे।

# इंतजार खत्म! 'सिकंदर' का ट्रेलर इस दिन होगा रिलीज

## सलमान-रश्मिका का दिखा रोमांटिक अंदाज




सलमान खान उर्फ भाईजान ईद 2025 पर 'सिकंदर' के साथ बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए आ रहे हैं। रविवार, 30 मार्च को दुनिया भर के सिनेमाघरों में बॉलीवुड सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होगी। उल्टी गिनती शुरू हो गई है और अब, निर्माता ने ट्रेलर की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। सलमएआर मुरुगादॉस की डायरेक्टेड, साजिद नाडियाडवाल की प्रोड्यूस्ड 'सिकंदर' से सलमान खान और रश्मिका मंदाना का ट्रेलर रिलीज से पहले बेहद रोमांटिक पोस्टर सामने आया है जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' का ट्रेलर 23 मार्च (रविवार) को रिलीज होगा। सुपरस्टार ने एक नया पोस्टर शेयर किया, जिसमें वो और रश्मिका मंदाना नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर उनके कैप्शन में लिखा है, '#सिकंदर ट्रेलर 23 मार्च को रिलीज होगा! #सिकंदर 30 मार्च 2025 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में #साजिद नाडियाडवाला और ARMurugadoss द्वारा निर्देशित #सिकंदर रिलीज होगी।' इस पोस्ट में सलमान और रश्मिका एक-दूसरे की आंखों में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। दोनों का ये रोमांटिक अंदाज सभी को बहुत पसंद आ रहा है। रश्मिका मंदाना पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर सलमान खान के साथ रोमांस करते नजर आएंगी। 'सिकंदर' का निर्देशन एआर मुरुगादॉस ने किया है। फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, प्रतीक बब्बर, अंजिनी धवन और नवाब शाह भी हैं। मुरुगादॉस को 'गजनी', 'थुप्पाक्की', 'हॉलिडेः ए सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी' और 'सरकार' जैसी फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। रश्मिका संग सलमान की फ्रेश पेयरिंग कमाल लगने वाली है। सलमान की सिनेमाघरों में पिछली रिलीज टाइगर 3 थी जो कि 2023 में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर साबित हुई। 'सिकंदर' की एडवांस बुकिंग विदेश में शुरू हो गई है। वहीं 27 या 28 मार्च को भारत में इसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो जाएगी। फिल्म ने अमेरिका में 13 लाख रुपए की कमाई कर ली है।

# आ गई केसरी चैप्टर 2 की रिलीज डेट

## अजय देवगन के बाद अब अक्षय कुमार संग जमेगी आर माधवन की जोड़ी



हर साल की तरह इस साल भी बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के पास कई सारी फिल्में हैं। अभी उनकी साल 2025 की पहली फिल्म स्काई फोर्स रिलीज हो गई है। इसके अलावा हाल ही में उनकी अपकमिंग फिल्म जॉली एलएलबी 3 की नई रिलीज डेट भी आ गई है। वहीं पिछले कुछ समय से फैंस अक्षय कुमार और आर माधवन के कोलाबोरेशन में बन रही फिल्म केसरी 2 के बारे में बातें चल रही थीं। अब इस फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट भी पता चल गई है। मतलब अक्षय कुमार के फैंस के लिए तो आज डबल खुशी का दिन है। अक्षय कुमार ने खुद अपने इंस्टाग्राम पर ये पोस्ट शेयर की है और केसरी 2 की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है। साथ ही उन्होंने ये भी बता दिया है कि आखिर इस फिल्म का टीजर किस दिन रिलीज होगा। एक खून से लथपथ दीवार पर गोलियों के निशान नजर आ रहे हैं। उसके ऊपर लिखा है- 'एक क्रांति जो साहस के रंग में रंग गई। केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग।' अक्षय कुमार ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा- 'कुछ लड़ाइयां हथियारों से नहीं लड़ी जातीं। 24 मार्च को आ रहा है केसरी चैप्टर 2 का टीजर। 18th अप्रैल 2025 को दुनियाभर में रिलीज हो रही फिल्म।' दो दिन के अंदर ही अक्षय कुमार की दो अपकमिंग फिल्मों की रिलीज डेट आई है। पहले उनकी फिल्म जॉली एलएलबी 3 अप्रैल के महीने में आने वाली थी। लेकिन बाद में रिलीज कैंसिल कर दी गई थी।


# अवनीत कौर संग होली पर एक लड़के ने की थी गंदी हरकत



अवनीत कौर टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उन्होंने बॉलीवुड में भी एंट्री कर ली है। एक्ट्रेस सोशस मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी फोटोज से इंटरनेट पर आग लगाए रहती हैं। इन सबके बीच अवनीत ने हाल ही में खुलासा किया कि होली पर उनके साथ एक लड़के ने गंदी हरकत की थी। दरअसल हाउटरफ्लाई से बात करते हुए, टीकू वेड्स शेरू एक्ट्रेस ने बचपन में होली के मौके पर उनके साथ हुई एक शॉकिंग घटना का खुलासा किया। अवनीत ने बताया, 'होली के दौरान, मैंने एक लड़के से कहा था कि मुझे मत मारो, लेकिन उसने मेरे बम पर पानी का गुब्बारा फेंक दिया था। मैंने सोचा, 'बेटे, तू तो गया। पहले तो तूने देखा नहीं कि कितनी खतरनाक लड़की हूं। मैंने पकड़ा बैट, पकड़ पकड़ के धो दिया।'' अवनीत ने आगे बताया कि बैट से मारने के बाद उसकी मां मेपी शिकायत करने मां के पास आई थीं। उन्होंने आगे याद करते हुए कहा, 'फिर उस लड़के की मम्मी आई थी मेरे मम्मी के पास कि आपकी लड़की ने मेरे लड़के को धो दिया।' मम्मी ने बोला, 'क्योंकि उसने धोने वाला काम किया। और क्या करे?''अलादीन - नाम तो सुना होगा' एक्ट्रेस ने आगे बताया कि स्कूल में उनके फेमस सोप एड वीडियो के लिए उनका मजाक उड़ाया जाता था। अवनीत ने बताया कि जब भी वह स्कूल कॉरिडोर्स से गुजरती थी तो क्लासमेट उनका मजाक उड़ाते थे, 'ऐ, बंटी, तेरा साबुन।।।' यह कहकर। यह उनके लिए 'ट्रॉमा' वाली चीज थी, जिसके कारण वह सोशल इंटरेक्शन से दूर रहने लगीं। कौर ने बताया, 'लोगों ने मान लिया कि मेरा रवैया ऐसा है क्योंकि मैं एक स्टार थी। मैं हूं ही ऐसे, पर लोगों को कौन बताएगा।' वर्क फ्रंट की बात करे तो अवनीत कौर जल्द ही लव इन वियतनाम और हॉलीवुड फिल्म, टॉम क्रूज की मिशनः इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंगः पार्ट टू में नजर आएंगी।

# इस लो बजट साउथ मूवी के आगे जॉन अब्राहम की फिल्म ने घुटने टेके

## 8 दिन में द डिप्लोमैट ने कितने कमाए



बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम पिछले 2 दशक से फिल्में कर रहे हैं। उन्होंने लीड रोल में कई सारी फिल्में की हैं। लेकिन एक्टर के नसीब में सुपरहिट इतनी आसानी से नहीं आई। मौजूदा समय में भी उनकी फिल्म द डिप्लोमैट रिलीज हुई है। लेकिन ये फिल्म ऑडियंस के लिए तरस रही है। एक्टर की फिल्म को देखने में लोगों की दिलसच्पी अभी कम नजर आ रही है। वहीं अपनी रिलीज का एक महीना पूरा कर चुकी विकी कौशल की फिल्म छावा के बराबार कमाने में भी स्ट्रगल करती नजर आ रही है। फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े आ गए हैं। इस फिल्म को मौजूदा समय में छावा के अलावा साउथ फिल्म कोर्ट से भी कड़ी टक्कर मिल रही है। जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट को रिलीज हुए 8 दिन का वक्त हो चुका है। इन 8 दिनों में फिल्म का कलेक्शन कुछ खास नहीं रहा है। फिल्म 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी है। हालांकि फिल्म ने अपना बजट तो निकाल लिया है लेकिन इसके बाद भी इसका कलेक्शन धीमा ही कहा जाएगा। जॉन अब्राहम की फिल्म का मौजूदा समय में किसी भी दूसरी हिंदी फिल्म से सामना नहीं है। एक महीना पहले रिलीज हुई छावा से ही उनका कॉम्पिटीशन था।

## न्यूज कॉलम

### सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेजे गए पांचों आरोपी

रायपुर। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन में करोड़ों के रीएजेंट खरीदी घोटाले में ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत ने पांच आरोपियों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है. ईओडब्ल्यू ने आरोपियों की 15 दिन की रिमांड मांगी थी.ईओडब्ल्यू ने दो आईएएस समेत बता दें कि कांग्रेस शासनकाल में स्वास्थ्य विभाग के उऋरउ ने मोक्षित कॉरपोरेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राजकोष को किस तरह से खाली किया है इस पूरे मामले को लेकर 660 करोड़ रुपए के गोल-माल को लेकर भारतीय लेखा एंव लेखापरीक्षा विभाग के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) आईएएस यशवंत कुमार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार पिंगआ को पत्र लिखा था.और हेल्थ विभाग के दर्जन भर अधिकारियों को तलब कर लंबी पूछताछ करने के बाद की पांचों लोगों को देर रात गिरफ्तार किया था. इसके बाद आज सुबह ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेश किया गया. ईओडब्ल्यू की ओर से मामले की तह तक जाने के लिए आरोपियों की 15 दिन की पुलिस रिमांड मांगी थी. विशेष अदालत के न्यायधीश ने सुनवाई के बाद सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।



## छत्तीसगढ़ का 'मिनी गोवा' है यह जगह, प्रकृति की गोद में शांति और सुकून का होगा अनुभव

कोरबा शहर से लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित, सतरेंगा एक शांत और मनोरम झील के किनारे बसा हुआ है, जो देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर देता है. इसे छत्तीसगढ़ का मिनी गोवा भी कहा जाता है. सरकार भी सतरेंगा को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रयासरत है. यहां बुनियादी ढांचे को सुधारा जा रहा है और पर्यटकों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं बनाई जा रही है.

### कोयला चोरी कर भाग रहे बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी को मारी टक्कर

सूरजपुर. जिले में कोयला चोर बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. विश्रामपुर पुलिस ने एसईसीएल में कोयला चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से छोटा हाथी में लोड 70 बोरी कोयला बरामद किया गया है.जानकारी के मुताबिक, एसईसीएल में दो व्यक्ति कोयला को गाड़ी में भरकर चोरी कर ले जा रहे थे. शुक्रवार देर रात पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया. इस बीच वाहन चालक ने रोकने की बजाय पुलिस वाहन को टक्कर मारकर भागने की कोशिश की. हालांकि पुलिस टीम बाल-बाल बची और वाहन को रोकने में सफलता हासिल की.पुलिस ने छोटा हाथी में लोड 70 बोरी कोयला को जब्त किया. साथ ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है. वहीं पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

### कांग्रेस ने की 10 जिलों में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है. अक्उउ ने इस संबंध में आदेश जारी किया है.आदेश के मुताबिक, बालोद में चंद्रेश हिरवानी, दुर्ग (ग्रामीण) राकेश ठाकुर, नारायणपुर में बिसेल नाग, कोंडागांव में बुधराम नेताम, कोरबा (शहर) नाथूलाल यादव, कोरबा (ग्रामीण) मनोज चौहान, बलौदाबाजार में सुमित्रा घृतलहरे, सारंगढ़-बिलागढ़ में ताराचंद देवांगन, सरगुजा में बालकृष्ण पाठक, बलरामपुर में कृष्ण प्रताप सिंह और बेमेतरा में आशीष छाबड़ा अध्यक्ष बनाए गए हैं।

**विश्व जल दिवस विशेष : बस्तर की जीवन रेखा खतरे में**

# मैं इंद्रावती हूं, मेरी चिंता आज नहीं तो कब करेंगे, पानी की जगह अब रेत ही रेत



संवाददाता ● जगदलपुर

बस्तर की जीवन रेखा कही जाने वाली इंद्रावती नदी आज एक गंभीर संकट से गुजर रही है. यहां अब पानी की जगह रेत ही रेत दिखाई दे रही. 2019 में यह नदी पूरी तरह सूख गई थी और चित्रकोट जलप्रपात, जिसे मिनी नियाग्रा के नाम से जाना जाता है, पहली बार वेंटिलेटर पर था. इस जलप्रपात से एक बूंद पानी भी नहीं गिर रही थी. वही स्थिति 2025 में भी देखने को मिल सकती है। 1975 में ओडिशा और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके तहत बस्तर को 45% पानी मिलने पर सहमति बनी थी। हालांकि इस समझौते के बावजूद छत्तीसगढ़ को मात्र 30% पानी मिल रहा है और यह समस्या 2025 तक जस की तस बनी हुई है. जोरा नाला के ऊपर रेत और पत्थरों की वजह से पानी की आपूर्ति में रुकावट आई है।

### किसानों की तकलीफ और संघर्ष

इंद्रावती नदी के किनारे खेती करने वाले किसानों ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए प्रशासन से नदी में 10% पानी की मांग की। जब प्रशासन ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो किसानों ने ठप्र 30 को जाम कर दिया। इसके बाद बस्तर के एसडीएम ने किसानों को पानी देने का वादा किया, लेकिन यह सिर्फ एक दिलासा ही बनकर रह गया। किसानों ने ओडिशा के जोरा नाला में स्थित प्रशासन से भी बात की और उन्हें रेत व पत्थर हटाने का आश्वासन 15 मार्च को मिला। इतना इंतजार ना कर किसानों ने खुद जोरा नाला में जमे रेत व पत्थरों की सफाई शुरू कर दी, लेकिन फिर भी पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ। जब किसानों ने जल संसाधन विभाग के घेराव का फैसला लिया तब जल संसाधन विभाग ने डेम के गेट खोलने का वादा किया, लेकिन वह भी असफल रहा। 24 घंटे बाद गेट फिर बंद कर दिया गया।

### नदी की स्थिति और भविष्य

इंद्रावती नदी का उद्गम ओडिशा के कालाहांडी जिले के रामपुर के थूयामूल से होता है। इस नदी की कुल लंबाई 535.80 किलोमीटर है। नदी पर चित्रकोट तक 10 स्टॉप डेम बने हैं, लेकिन इन डेमों के गेट खराब होने के कारण पानी कई क्षेत्रों में नहीं रुक पा रहा है और बहकर आगे चला जा रहा है। राज्य सरकार ने जगदलपुर में दो बैराज बनाने का निर्णय लिया है, लेकिन इस पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इन बैराजों के बनने से चित्रकोट तक बने 10 डेम डूब जाएंगे, इस पर सरकार को शोध करने के बाद कोई बेहतर व्यवस्था करनी होगी कि आने वाले समय मे बस्तर वासियों को पानी की समस्या से ना जूझना पड़े।

### पानी की कमी का संकट

1975 में ओडिशा और मध्यप्रदेश के बीच हुए समझौते के अनुसार बस्तर को 45 टीएमसी पानी मिलने की बात थी, जिसमें बस्तर को हर वर्ष 301 टीएमसी पानी अलॉट हुआ था। हालांकि बस्तर उसका 5% पानी भी उपयोग नहीं कर पाता और गोदावरी नदी में हर साल 280 टीएमसी पानी बहकर चला जाता है। इंद्रावती नदी में पानी का संग्रहण नहीं होने की वजह से यह पानी रुकता नहीं है और आगे बहकर चला जाता है।

### इंद्रावती प्राधिकरण और प्रशासन की लापरवाही

इंद्रावती प्राधिकरण का गठन सिर्फ दिखावे के लिए किया गया है। अब तक इस पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। राज्य सरकार की लापरवाही के कारण बस्तरवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इंद्रावती नदी का संकट केवल बस्तर के किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के जलस्तर और पर्यावरण के लिए भी एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। सरकार को इस समस्या का समाधान शीघ्रता से निकालने की जरूरत है, ताकि बस्तरवासियों को भविष्य में पानी की गंभीर कमी का सामना न करना पड़े।

### नदी का सूखना और जलस्तर में गिरावट

अब इंद्रावती नदी पूरी तरह से सूख चुकी है। इसके परिणामस्वरूप आसपास के क्षेत्रों में जलस्तर में भारी गिरावट आई है। बोरवेल्स तक में पानी नहीं निकल रहा है। किसानों द्वारा किए जा रहे प्रयास भी अब सफल नहीं हो पा रहे हैं।

## विधानसभा में गलत जानकारी देना पड़ा भारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी समेत 5 निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2025 के दौरान सदन में गलत जानकारी देने के मामले में वन मंत्री केदार कश्यप ने जांच के निर्देश दिए थे। जिसके बाद ढउउऋ व्ही. श्रीनिवास राव की अध्यक्षता में कमिटी का गठन किया गया था। वहीं जांच रिपोर्ट के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी समेत 5 कर्मचारियों को निलंबित किया गया है।बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2025 के दौरान कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश ने इंदिरा निकुंज माना रोपणी में संचालित कुंवारादेव महिला स्व सहायता समूह के कार्य संचालन के संबंध में विभाग द्वारा सदन में गलत जानकारी प्रस्तुत करने की बात कही थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री केदार कश्यप ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख को जांच करने के लिए निर्देश दिए थे। वन मंत्री के निर्देश के बाद ढउउऋव्ही. श्रीनिवास राव की अध्यक्षता में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक नावेद शुजाउद्दीन और मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त, रायपुर, राजू अगासिमनी सदस्यों द्वारा तत्काल जांच समिति गठित किया गया. इसके बाद तथ्यों को छुपाने और गलत जानकारी प्रस्तुत करने वाले दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 अधिकारी-कर्मचारी को निलंबित किया गया. जिनमें रायपुर वनमंडल के रायपुर परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मिश्रा, माना नर्सरी प्रभारी वनपाल तेजा सिंह साहू, वनमंडल कार्यालय के सहायक ग्रेड-02 अविनाश वाल्दे और प्रदीप तिवारी, परिक्षेत्र कार्यालय के लिपिक अजीत ड़डसेना को तत्काल प्रभाव से निंलबित किया गया। इसके अलावा वनमंडलाधिकारी लोकनाथ पटेल एवं उप वनमंडलाधिकारी विश्वनाथ मुखर्जी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शासन स्तर पर करने के लिए पत्राचार करने निर्देशित किया है। मंत्री केदार कश्यप ने वन विभाग के समस्त अधिकारियों को भविष्य में इस प्रकार की गलती दोबारा न करते हुए विधानसभा से संबंधित प्रश्नों की जानकारी सत्य एवं निष्ठापूर्व भेजने की हिदायत दी है।

## जहां 26 नक्सली हुए थे ढेर उसके आसपास के आधा दर्जन गांवों में पसरा सन्नाटा



संवाददाता ● दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती जंगल गंगालुर में शुक्रवार को पुलिस से हुई मुठभेड़ में 26 नक्सली मार गिराए थे. मुठभेड़ के बाद लल्लूराम डॉट कॉम की टीम आधा दर्जन नालों और घनघोर जंगल को पार कर पहुंचे मौके पर पहुंची. वहां मौजूद ग्रामीणों ने जो बयां किया वह किसी रोमांचक एक्शन फिल्म की कहानी को भी पीछे छोड़ देती है।

इतनी बड़ी मुठभेड़ के बाद आस-पास के आधा दर्जन गांव में सन्नाटा पसरा है. मौके पर करीब तीन पंचायत के लोग जमा थे, जो ताबड़तोड़ गोलियों से दहले और सहमे थे. गंगालूर एरिया कमेटी की कंपनी नंबर 2 से पुलिस की सीधी मुठभेड़ थी. पापाराव की मौजूदगी की खबर पर जवानों ने घेराबंदी की थी, लेकिन मुठभेड़ के बाद पापाराव रफूचक्कर हो गया। गांव में रहने वाला 13 वर्षीय हूंगा कहता है कि लगातार तीन दिनों से नक्सलियों का आना-जाना लगा हुआ था. रात को ही फोल ने गांव को घेर लिया था. सुबह 7 बजे से गोली चली, फिर 5 घंटे तक गोली चलती रही. बीच में एक घंटे के लिए गोलीबारी थमी थी. गोलीबारी से मदनपुरा के पहाड़ के नीचे हर्रा का जंगल दहल उठा था. तमाम नक्सली एक जगह सोए थे. पुलिस गोलीबारी शुरू होते ही नक्सली बचते-बचाते एक-एक कर मौके से भागे. मौके पर कुल 34 नक्सली जमा थे, जिनमें से महज आठ नक्सली ही जान बचाने में कामयाब रहे. नक्सलियों के साथ रमलू मधु से मिलने आया 12 वर्ष भाई भी मारा गया.

### जवानों का कैंप में हुआ जोरदार स्वागत

सफल ऑपरेशन के बाद कैम्प लौटे जवानों का जोरदार स्वागत किया गया. 47 बटालियन के कमांडेंट विजेंद्र नाथ ने जवानों के साथ भारत माता की जयकारा के साथ फूलों से स्वागत किया. दो दिन के नक्सल ऑपरेशन में 4 नक्सलियों को मार गिराने के बाद जवान लौटे थे।

## पशु-पक्षियों से ऐसा लगाव कि दो मंजिले घर को बनाया चिड़ियाघर, बेजुबान बने फैमिली मेंबर, रोज रिक्शे में घूमकर कुत्तों-मवेशियों को भी परोसती है भोजन

संवाददाता ● कांकेर

छत्तीसगढ़ में एक परिवार को पशु पक्षियों से ऐसा लगाव है कि उन्होंने पक्षियों के लिए अपने दो मंजिले घर को ही चिड़ियाघर बना दिया है. घर में चारों ओर लकड़ी, घास व प्लास्टिक समेत कपास से तैयार घोसले लगाए हैं, जिसमें करीब 30 से 40 गौरैया, 10 से 20 कबूतर व विभिन्न तरह की पक्षी अपना आशियाना समझ रात बिताते हैं और उनके द्वारा डाले गए दाना चुग से अपना पेट भर रहे हैं। यहां पक्षियों को इतनी सुविधा मिल रही कि वहां अंडा भी दिए हैं, जहां से नन्ही पक्षी के रूप में बाहर आते ही उनका नामकरण भी किया गया है। यह कहानी कांकेर शहर के आमापारा में रहने वाली स्मिता खटवानी परिवार की है।

**स्मिता ने गांव से की सेवा की शुरूआत**

स्मिता खटवानी ने से चर्चा में बताया कि वह पहले अपने परिजनों के साथ सरोना में रहती थी और बचपन से ही चिड़ियों के आने पर उनके साथ खेला करती थी। धीरे-धीरे उन्हें अहसास हुआ कि अब जगह की कमी के कारण पक्षी आने कम हो रहे हैं। गर्मियों के समय में उन्हें पानी भी नहीं मिल पा रहा है, जिससे पक्षी भोजन-पानी की तलाश में भटकने लगे हैं। कुछ पक्षी उनके सामने ही दम तोड़ने लगे, जिसके बाद उन्होंने गांव से ही सेवा की शुरूआत कर उनके लिए भोजन-पानी की व्यवस्था



कर घोसला तैयार करवाने लगी।स्मिता अपने दो मंजिला मकान में करीब 500 से ज्यादा घोसला लगाए हुए हैं, जिसमें करीब 100 से ज्यादा घोसलों को पक्षियों ने अपने अनुसार सवारा है और रात गुजारा करते हैं। पक्षियो के आशियाने से चहचआहट की आवाज रोजाना सुबह-शाम जोरों से आती है और गंदगी भी मचाया जाता है। एनिमल लवर उन सब गंदगियों को साफ कर घर को स्वच्छ रखी हुई हैं। स्मिता ने बाकी सभी लोगों से भी अपील करते हुए स्वच्छता पर ध्यान देने की बात कही है।स्मिता रोजाना कांकेर शहर में अपने ई- रिक्शा से घूमकर कुत्तों और मवेशियों को खाना परोसती हैं, जिससे पशु-पक्षी अपना पेट भरते हैं। रोजाना खाना परोसने से पशुओं और पक्षियो को भी अपने जगह में इंतजार करने का आदत हो गया है। खाना खाने के साथ पशु-पक्षी स्मिता से प्यार दुलार करते दिखते हैं। स्मिता सप्ताह में एक दिन केशकाल पहुंचकर बंदरों के लिए भोजन पहुंचाने का भी काम करती हैं और बंदरों से मिलकर अपने हाथों से खिलाते भी दिखती हैं।

## फर्जी दस्तावेजों से भारतीय पहचान बनाने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों के पासपोर्ट रद्द, मास्टरमाइंड फरार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (अळर) ने रायपुर से गिरफ्तार किए गए तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके पासपोर्ट निरस्त करवा दिए हैं। इसके अलावा, फर्जी आधार कार्ड और वोटर आईडी को भी रद्द करने के लिए संबंधित विभागों को पत्र भेजा गया है। तीनों बंगलादेशी मोहम्मद इस्माइल (27 साल), शेख अकबर (23 साल) और शेख साजन (22 साल) रिश्ते में भाई है और 8 फरवरी को रायपुर से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे थे, जहां से वे फर्जी दस्तावेजों के सहारे इराक भागने की फिराक में थे। लेकिन समय रहते अळर ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।अळर की जांच में सामने आया कि ये तीनों बांग्लादेशी नागरिक रायपुर में मोहम्मद आरिफ नाम के व्यक्ति की मदद से आधार कार्ड, वोटर आईडी और पासपोर्ट बनवाने में सफल रहे थे। यह पूरा नेटवर्क एक संगठित गिरोह की तरह काम करता था, जिसे शेख अली नाम का व्यक्ति चला रहा था।

शेख अली लंबे समय से बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें खाड़ी देशों में भेजने का काम कर रहा था। वह अब फरार हो चुका है और पुलिस को उसके बांग्लादेश भागने की आशंका है। शेख अली की तलाश में छत्तीसगढ़ पुलिस की एक टीम बांग्लादेश बॉर्डर तक गई, लेकिन फिलहाल वह हाथ नहीं लगा।एटीएस की जांच में पता चला है कि साल 2017 से यह गिरोह फर्जी दस्तावेजों के जरिए बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता दिलाकर खाड़ी देशों में भेजने का काम कर रहा था। रायपुर का चॉइस सेंटर संचालक मोहम्मद आरिफ भी इस गैंग का हिस्सा था, जो पैसों के बदले फर्जी आधार कार्ड और वोटर आईडी तैयार करता था। अळर को शक है कि इस गिरोह के जरिए कई और बांग्लादेशी भारत में अवैध रूप से रह रहे हैं और फर्जी दस्तावेजों के जरिए देश छोड़ने की फिराक में हैं। जल्द ही इस मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार, 23 मार्च, 2025
www.adityabharat.com






चीन के पहाड़ी इलाकों में इस समय चाय की खेती अपने चरम पर है, महिलाएं चाय बागानों में चाय की पत्ती को इकट्ठा करते रही है। चीन दुनियाभर में चाय उत्पादक देशों में शामिल है।

## शॉट न्यूज

### गाजा में मारा गया हमास का सैन्य प्रमुख, इजरायली सेना का बड़ा दावा

**गाजा।** इजरायली सेना ने बताया कि उसने गुरुवार को दक्षिणी गाजा में हमास के सैन्य खुफिया प्रमुख को मार डाला है। सेना द्वारा जारी बयान में कहा गया कि मारे गए हमास नेता का नाम उसामा तबाश था। वह समूह की निगरानी और टारगेट अटैक वाली इकाई का प्रमुख भी था। हालांकि, इस पर हमास की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।इससे पहले इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कल कहा कि उसकी वायु सेना ने गाजा पट्टी से दक्षिणी इजरायल के अश्कलोन शहर की ओर दागे गए दो रॉकेटों को मार गिराया। बयान के अनुसार अश्कलोन में हवाई हमले की चेतावनी सक्रिय कर दी गई थी और निवासियों को आश्रय में भेज दिया गया।इजरायल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा ने कहा कि हताहतों की कोई रिपोर्ट नहीं है। इजरायल के चैनल 12 न्यूज के अनुसार, निवासियों ने जोरदार विस्फोटों की आवाज सुनने की सूचना दी।

### आगजनी के 18 घंटे बाद खुला लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट, 1300 फ्लाइट्स प्रभावित

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हीथ्रो एयरपोर्ट 18 घंटे बाद खुल गया। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट यहां पर लैंड हुई। दरअसल एयरपोर्ट के पास एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन में गुरुवार रात आग लग गई थी। जिससे एयरपोर्ट का ऑपरेशन बंद करना पड़ा था। बंद के चलते 1350 फ्लाइट्स सस्पेंड हुई, जिनसे 2 लाख 91 हजार पैसेंजर्स प्रभावित हुए। आग वेस्ट लंदन के हेस में लगी थी। इस वजह से 5 हजार से ज्यादा घरों की बिजली गुल हुई। ब्रिटेन की काउंटर टेररिज्म पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सबस्टेशन पर लगी आग के पीछे किसी का कोई गलत इरादा तो नहीं था। 9 मार्च को जर्मनी के सभी एयरपोर्ट्स के कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल बुलाई थी। इसकी वजह से सोमवार (भारतीय समयानुसार) को पूरे देश की हवाई यात्रा ठप हो गई। हड़ताल से पूरे देश में 13 प्रमुख एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद्द की गईं।

### ट्रंप का चार देशों पर टूटा कहर, 530,000 लोगों का छीना लीगल स्टेटस

# क्यूबा, हैती और वेनेजुएला के लोगों को छोड़ना होगा अमेरिका

**एजेंसी ● न्यूयॉर्क**

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ऐलान किया है कि वो संयुक्त राज्य अमेरिका में क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के कानूनी संरक्षण को रद्द करेगा। इस फैसले का असर यह होगा कि संभवतः 5,30,000 लोगों को करीब एक महीने के अंदर अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है।

**कहर**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अवैध प्रवासियों पर लगातार अपनी कार्रवाई तेज कर रहे हैं। इन चार देशों के अप्रवासी अक्टूबर 2022 में फाइनेंसियल स्पॉन्सर के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में आए थे। इन्हें अमेरिका में रहने और काम करने के लिए दो साल का परमिट दिया गया था। अब होमलैंड सुरक्षा विभाग ने ऐलान किया है कि ऐसे लोग 24 अप्रैल को संघीय रजिस्टर में नोटिस प्रकाशित होने के 30 दिन बाद अपने लीगल स्टेटस को गंवा देंगे।

#### ट्रंप प्रशासन ने पैरोल समाप्त करने का लिया निर्णय

मानवीय पैरोल सिस्टम लंबे समय से चला आ रहा एक लीगल सिस्टम है, जिसका उपयोग राष्ट्रपतियों ने उन देशों के लोगों को अनुमति देने के लिए किया है जहां युद्ध या राजनीतिक अस्थिरता है। ऐसे में ये लोग अमेरिका में प्रवेश कर सकते हैं और अस्थायी रुप से रह सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने इस सिस्टम में व्यापक दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए इसे समाप्त करने का निर्णय लिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कहा कि अमेरिका में रहने के लिए वैध आधार के बिना यानी पैरोल पर आए लोगों को अपनी पैरोल समाप्ति तिथि से पहले अमेरिका छोड़ देना चाहिए। ट्रंप प्रशासन द्वारा पांच लाख प्रवासियों का लीगल स्टेटस रद्द करने के निर्णय से कई लोगों को निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि पैरोल प्रोग्राम के तहत अमेरिका में प्रवेश करने वाले कितने लोगों ने तब से सुरक्षा या लीगल स्टेटस के ऑप्शन हासिल किए हैं।



#### दो साल की दी गई थी पैरोल

इस कदम का व्यापक असर माना जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में इन प्रवासियों को दो साल की पैरोल दी गई थी, जो अब प्रभावी रुप से समाप्त हो गई है। चारों देशों के नागरिकों को अमेरिकी स्पॉन्सर के साथ हवाई मार्ग से अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति मिली थी।

#### बाइडेन ने क्या फैसला लिया था?

2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वेनेजुएला के लोगों के लिए पैरोल एंट्री प्रोग्राम शुरु किया था। बाद में 2023 में इसका विस्तार किया गया और क्यूबा, हैती और निकारागुआ के लोगों को शामिल किया गया। संयुक्त राज्य अमेरिका और इन चार देशों के बीच राजनयिक और राजनीतिक संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। इधर, डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद अवैध प्रवासियों के खिलाफ एक्शन लेना तेज कर दिया है। अब तक रिकॉर्ड संख्या में अवैध प्रवासियों को निकाला गया है। ट्रंप प्रशासन ने तर्क दिया कि पिछली बाइडन सरकार ने पैरोल कार्यक्रम शुरु किया, जो कानूनी सीमाओं को पार कर गए। उन्होंने 20 जनवरी को इसके खिलाफ एक कार्यकारी आदेश जारी किया है।

### खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री ने रखा प्रस्ताव

# शांति चाहिए तो तालिबान से बात करनी होगी : गंडापुर

**एजेंसी ● खैबर पख्तूनख्वा**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा है कि क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए तालिबान से बातचीत करना बेहद जरूरी है। कल शाम इस्लामाबाद में एक इफ्तार पार्टी के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए गंडापुर ने दावा किया कि अगर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी जाती है, तो वह तालिबान को बातचीत के लिए मना सकते हैं, क्योंकि बातचीत ही एकमात्र समाधान है। गंडापुर ने दावा किया कि उन्होंने एक वार्ता योजना का मसौदा तैयार किया था, जिसमें उन्होंने जनजातियों के वरिष्ठ लोगों को भी शामिल किया था और इसे विदेश मंत्रालय और आंतरिक मंत्रालय को भेजा था। हालांकि, ढाई महीने बाद भी उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि तालिबान जनजातीय बुजुर्गों के साथ वार्ता करने से इनकार नहीं करेगा और यह भी दावा किया कि मौलाना फजलुर रहमान का अब तालिबान पर कोई प्रभाव नहीं रहा है। गंडापुर ने यह भी कहा कि वह किसी भी समय तालिबान के लीडर हैबतुल्ला अखुंदजादा से बातचीत कर सकते हैं, लेकिन अब तक उन्होंने संगठन से कोई संपर्क स्थापित नहीं किया है।

#### 'इमरान की रिहाई के बिना राजनीतिक बातचीत संभव नहीं'

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि पीटीआई के नेता और पूर्व पाक पीएम इमरान खान की रिहाई के बिना कोई राजनीतिक बातचीत संभव नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता लाने के लिए इमरान खान की रिहाई जरुरी है, क्योंकि उनकी सरकार गिराए जाने से पहले हालात सामान्य थे, लेकिन उसके बाद आतंकवाद और अस्थिरता बढ़ गई है।

### बिलासीपारा में एआईयूडीएफ के विधायक की हरकत के बाद जनता में आक्रोश, केस दर्ज

# गुलाबी रिबन देख फूटा विधायक का गुस्सा

### कर्मचारी को मारे थप्पड़

**एजेंसी ● बिलासीपारा**

असम के बिलासीपारा में एआईयूडीएफ के विधायक समसुल हुदा इन एक कर्मचारी के साथ बदसलूकी को लेकर सुर्खियों में बनें हुए हैं। विधायक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**आक्रोश**

जिसमें वह किसी कार्यक्रम के दौरान एक शख्स को पीटते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस शख्स का कसूर बस इतना था कि वह लाल रिबन और नारियल तोड़ने के लिए ईंट का प्रबंधन नहीं कर पाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 18 मार्च को बिलासिपारा के सुवापाटा में दैखोवा मार्केट में एक पुल की आधारशिला रखने का समारोह चल रहा था। इस क्षेत्र के विधायक समसुल हुदा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। शुरुआत में समारोह सामान्य रूप से चल रहा था, लेकिन तभी विधायक की नजर गुलाबी रिबन पर पड़ी, जिसे लाल रिबन की जगह इस्तेमाल किया गया था। वहीं, नारियल तोड़ने के लिए ईंटें भी नहीं थीं।



इस दौरान केले के पेड़ की ऊंचाई से भी विधायक साहब को दिक्कत हुई। इसके बाद विधायक गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद एक कर्मचारी को पहले खींचा और उसे थप्पड़ जड़ दिया। जब इतने से भी उनका दिल नहीं भरा तो केले के पौधे से पिटाई शुरू कर दी। जिससे धुबरी जिले में भारी आक्रोश फैल गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक समसुल हुदा ने गुस्से में उन्होंने ठेकेदार के कर्मचारी सहिदुर रहमान को कॉलर से पकड़ा, थप्पड़ जड़ा और पास में लगा वही छोटा सा केला का पौधा उखाड़कर उससे हमला कर दिया। लेकिन, अब इस घटना से लोगों में काफी नाराजगी है। इस घटना के बाद पीड़ित रहमान ने गौरीपुर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई, जिसे बाद में बिलासिपारा पुलिस स्टेशन ट्रांसफर किया गया।

#### जनता से मांगी माफी

इस मामले में विधायक हुदा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 115(2), 8296, 352 और 351(2) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। वहीं, FIR दर्ज होने के बाद विधायक ने माफी मांगते हुए कहा, "मैं मानता हूं कि मुझसे गलती हुई। परिस्थितियों ने मुझे ऐसा करने को मजबूर किया। मैं असम की जनता से माफी मांगता हूं।"

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)